श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, वर्षों से चली आ रही इस सदन की परिपाटी को तोड़ा जा रहा है । इस लिए मैं मुद्दे पर मैं आप की व्यवस्था चाहता हूं पहले से परिपाटी है कि जब ध्यान आकर्षण का नोटिस लिया जाता है तो 10–15 मिनट पहले सदस्यों के बीच में मंत्री जी का जो बयान होता है, उसे बांटा जाता है । पहले तो मंत्री जी ही 12 बजने के बाद आय–यह पहली गलती हुई । दूसरी गलती यह कि अभी तक बयान नहीं दिया गया. तब फिर प्रश्न कैसे पूछे जायेंगे, उस पर प्रतिक्रिया कैसे व्यक्त की जायगी ।

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore) Before it is taken up, copies of the statment should be made available at least to those members whose names appear here.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: should be given to all those who demand it.

SHRI INDRAJIT GUPTA: I do not mind.

Up till now the minimum convention has been that the five mmebers, whose names appeared in the list, got advance copy of the statement. I am worried because once we allow this procedure, this will become a precedent and in future for the other Calling Attention Notices the same thing will happen. Therefore, I think Shri Jyotirmoy Bosu has made a sensible suggestion for once. It may be postponed till 4 O' Clock.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, आप यह स्वीकार करेंगे कि यह मामला गम्भीर है, आवश्यक है. और इस पर सदन गहराई से विचार करना चाहेगा । सरकार को भी वक्तव्य तैयार करने में समय लगा है । इसीलिये गृह मंत्री जी भागते भागते आये हैं । उन को भी और थोड़ा समय मिल जायेगा । अगर वह कुछ पुनर्विचार करके कहना चाहते हैं तो कह सकते हैं, और हम भी उनका वक्तव्य देखने के बाद अपने प्रश्नों को तैयार कर सकते हैं । इसलिये 4 बजे तक यह मामला स्थगित कर दिया जाय ।

SHRI JYOTIRMOY BOSU: At 12.30 Shri Desai would be examined by the doctors. From the latest bulletin we shall know how much weight he has lost till today. So, from that point of view also, it is beter that we wait till 4 O' Clock.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: May I make one submission? The form in which the Calling Attention motion has been admitted is of a restricted nature. Many of us have given notices of calling attention motions and they also relate to the demend for the revocation of the emergency. This forms one of the important demands of the hon'ble Mem-

[Shri Shyam Nandan Misra]

ber Shri Morarji Desai, as indicated in his letter to the Prime Minister. So, it is our hope that the hon. Minister of Home Affairs will refer also to the demand for the revocation of the emergency, and the mover of the motion, Shri Vajpayee, too would be allowed to refer to that point, when he makes his own observations.

SHRI VASANT SATHE (Akola): Sir, you will recall that yesterday, on the request of my opposition friends, I accommodated them by saying that my short notice question could be postponed, if the Calling Attention Notice was to be taken up in this House today. Now, if the poned till 4 O' Clock, my short notice question can be taken up. Why should I be deprived of my short notice question?

SHRI P K. DEO (Kalanandi): My submission in this regard is that the entire country is exercised over the health of Shri Morarji Desai. A medical bulletin is being issued on the health of Shri Desai daily. I would request the Government that a copy of the bulletin should be placed in the library so that we can get the latest inforamtion regarding the health of Shri Desai.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, कोई नियम नहीं है, परिपाटी है। और परिपाटी भी नियम जैसी ही महत्वपूर्ण है।

MR. SPEAKER: As you know, here is no such rule about supply of advance copy of the statement. But we have been following this practice. We have also followed the practice that in case, due to some difficulties, the copy was not supplied in advance, I would be asking the Minister to read it out in the House.

SHRI SEZHIYAN (Kumbakonam): What is the difficulty? Let him explain.

SHRI INDRAJIT GUPTA: Please do not start a new procedure affecting the rights of Members on all Calling Attentions.

SHRI SHAMNANDAN MISHRA: We cannot go by the exceptions that you have allowed in the House. We have to follow the practice that we have been following.

MR. SPEAKER: As for the rule, it is there. As for the practice of laying it or reading it out, that is also there. Shri Mishra says that there can be exceptions in some cases, to which I have no objection, but I would like to hear from the Home Minister what he has to say, what time would suit him.

SHRI K. BRAHMANANDA REDDY: I have no objection if you are pleased to take it up at 4 p m.

MR SPEAKER: Let it be 5 O' Clock.

SOME HON MEMBERS: No.

SHRI K S. CHAVDA: Why not 4 O' Clock

SHRI P G. MAVALANKAR (Aomedabad): Three O' Clock.

MR SPEAKER: I very much want to be here when he makes the statement, but at 4 O' Clock the Soviet delegation people who arrived this morning are calling on me, and I am giving tea Either fix it at 3 O' Clock or....

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR. SPEAKER: Then, who knows you will finish by 5.30.

SHRI PILOO MODY (Godhra): Two O' Clock

MR. SPEAKER: Why not be a little more generous. Let it be at 3 p.m.

SOME HON. MEMBERS: No, Sir.

MR. SPEAKER: The statement has already come, but it is a bit late now. I request you to have it at 5 O' Clock. If you do not agree, let it be at 4 O' Clock. Then I will not be able to hear you.

SHRI K BRAHMANANDA REDDY: I have no objection even if at 3 p.m.

SHRI P. K. DEO: What happened to my request about the medical bulletin regarding Morarji Bhai's health?

MR. SPEAKER: That you have asked in the Calling Attention. That was decided yesterday, and that is exactly the same thing which has come today.

So, it will be taken up at 3 O' Clock.

12.17 hrs.

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE
HUNDRED AND FORTY-SIXTH REPORT

SHRI JYOTIRMOY BOSU: (Diamond Harbour): I beg to present the Hundred and forty-sixth Report of the Public Accounts Committee on the Report of the Comptroller and Auditor-General of India for the year 1972-73, Union Government (Defence Services)—Paragraphs 6, 8, 9, 12 13 and 19.

---

12. 17½ hrs.

STATEMENT RE: CORRECTION OF ANSWER TO Q No 141 DATED 27TH FEBRUARY, 1975 RE. DURGAPUR STEEL PLANT

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI CHANDRAJIT YADAV): As soon as the verbatim proceedings of the Lok Sabha for the 27th February, 1975 were received in the Department for scrutiny, it was noticed that certain inaccuracies had occurred in the answers given by me to supplementary questions relating to Lok Sabha Starred Question No. 141 answered on the 27th February, 1975. These had to be examined with reference to the concerned old records and it was not possible to make this correction statement earlier in view of the time taken in checking up the records and due to the intervening holidays.

While answering supplementary questions to the above mentioned question, I had stated in connection with the responsibility for the poor maintenance of the coke oven batteries as follows:—

> "One Mr. R. K. Chatterjee was working there first as Assistant General Superintendent and then as General Superintendent and then as General Manager. We fixed the responsibility on him. He was demoted. Later on he made a representation against that but ultimately he had to leave the plant"

The above statement did not explain the correct position The position is that Government decided that Shri R. K. Chatterjee who had functioned as Assistant General Superintendent and then as General Superintendent and was working as General Manager at the time of submission of the Pande Committee report, should bear the fullest share of responsibility. Accordingly his services were dispensed with

I had mentioned in answer to another supplementary question "Action is being taken to complete the rebuilding of the coke oven battery as quickly as possible" The correct position is that coke oven battery No 1 has already been rebuilt Batteries Nos 2 and 3 are to be re-built according to a phased programme.

---

12 20 hrs.

MATTER UNDER RULE 377

GOVERNMENT'S FAILURE TO FILL VACANCIES IN THE HIGH COURTS AND SUPREME COURT

श्री मधु लिमये (बांका) : अध्यक्ष महोदय, इस वक्त देश के कुछ न्यायालयों में

[श्री मधु लिमये]

जजेज के 40 से अधिक स्थान रिक्त हैं। मैं जानना चाहता हूं कि जब उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के सामने 5 लाख से अधिक केसेज पड़े हुए हैं, तो क्या वजह है कि सरकार हाई कोर्ट के इन रिक्त स्थानों को पूरा नहीं करती है ? क्या यह बात सही नहीं है कि एक ओर न्यायालय और दूसरी ओर कार्यपालिका, इन के बीच में जजों की नियुक्ति के बारे में मतभेद उत्पन्न हो गये हैं और सरकार जिन जजेज को नियुक्ति करना चाहती है, उन को न्यायालय के लोग उस के लिए उपयुक्त नहीं समझते ? क्या यह बात भी सही है, एक उदाहरण के तौर पर मैं कहना चाहता हूं, कि महाराष्ट्र में हाई कोर्ट के जजेज के बारे में वहां के कानून मंत्री श्री अंकुले ने जो वक्तव्य दिए थे, उन को लेकर हाई कोर्ट ने अपना प्रोटेस्ट इन के पास भेजा है और क्या प्रधान मंत्री महोदया ने भी अपनी असहमति अंकुले साहब के वक्तव्य में प्रकट की है। तो मैं चाहता हूं कि कानून मंत्री जी जो सदन में मौजूद हैं इन रिक्त स्थानों के भरने में देरी क्यों हो रही है, क्या वे इस का खुलासा करेंगे और क्या वे इस का स्पष्टीकरण करेंगे कि क्या सरकार ऐसे लोगों को जजेज के रूप में नियुक्त करने का आग्रह कर रही है, जिन को न्यायालय उपयुक्त नहीं समझता है ? क्या सरकार इस में पक्षपात करना चाहती है और कमिटेड जजेज को भर्ती करना चाहती है, कमिटेड से मतलब संविधान के दर्शन से कमिटेड नहीं बल्कि सरकार और प्रधान मंत्री से कमिटेड ?

इन सब बातों का खुलासा, मैं आशा करता हूं, मंत्री महोदय करेंगे।

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI H. R. GOKHALE): Mr. Speaker, Sir, the hon. Member has raised one more point now, that is, in regard to what he said was the statement made by the Law Minister of Maharashtra. That was not mentioned in the notice which he had given. Two points had been raised in the notice which I will deal with.

One point is that there are growing arrears and the other is that the vacancies are not filled up and that, according to his contention, there has been a difference of opinion between the executive and the judiciary. Now, it is true that there are about 43 or 44 vacancies To be precise, I think there are 43 vacancies in the various High Courts in the country There are 338 High Court Judges all over the country These vacancies are not all continuing vacancies in the sense that the same vancancies have not continued for all this time. It is a continuing process As and when vacancies get filled up, other vacancies occur because of retirement and such other reasons.

But it is true that some of these vacancies have remained for some time, which we ought to avoid. There are various reasons why the vacancies could not be filled up. But I must assure the hon members that the reasons is certainly not that there is any conflict or difference of opinion between the judiciary and the executive.

The hon. members of the House are aware of the procedure prescribed in the Constitution both for the appointment of High Court judges as well as for the appointment of the judges to the Supreme Court. In the Supreme Court, at the moment, there is

only one vacancy which occurred some time in late January. All other vacancies have been filled up. No appointment in the Supreme Court has been made except on the advice of the Chief Justice of India and Government have not said at any time that that advice is not acceptable to the Government of India, and all the vacancies in the Supreme Court have, so far, been filled up on the advice of the Chief Justice of India. The vacancy position in the Supreme Court, therefore, cannot be said to be very serious because selecting a judge takes a little time; we have to pick up, as far as possible, the best available person from the High Court judges or the Chief Justices of the High Courts in the country.

In the High Court, the procedure is a little longish There, there is the obligation to consult the Chief Justice of the High Court, the Governor, which means Governor on the advice of the Chief Minister, then the Chief Justice of India and then the Government of India have to advise the President with regard to the appointment to be made. Always the proposals are initiated by the Chief Justice of the High Court. The Government of India does not initiate any proposal. In some cases when proposals are received, the Chief Justice of India asks for further clarification or for further particulars with regard to that particular person and then we have to refer it back to the Governor or the Chief Justice of the High Court concerned, as the case may be, and this takes a little time. It may have happened that, in some cases, the Chief Justice of India did not accept the recommendation made by the High Court or the Governor of the State. But even in the case of the High Court we have not made any appointment without consulting the Chief Justice of India finally. Even if there has been a difference of opinion, we have gone by the advice of the Chief Justice of India.

As far back as 1972, soon after I had taken over the Ministry of Justice, I had personally written to all the State Governments that, in order to avoid delay in the appointment of judges in the High Courts, the proposals should be initiated well in advance before the actual vacancies occurred and I had suggested that the proposals might be initiated, if possible, six months in advance. I repeated this request recently in March. In some cases the proposals are delayed. For example, I can tell the House that, out of the 42 vacancies which are there today, the Central Government has received so far proposals in respect of only 19 vacancies We have been requesting them to make recommendations well in advance. I fully agree with the hon Member that we must do our best, all of us concerned should do our best, namely, the Chief Justices of the High Courts, the Chief Ministers, the Governors, the Chief Justice of India, myself and every one concerned should do everything possible to fill up the vacancies as early as possible

But another difficulty is also felt which is a real difficulty. Usually, a certain proportion of the appointments to the High Courts is made from Members of the Bar. We are finding it increasingly difficult to attract the Members of the Bar who are really worth being selected as High Court judges....

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): It is a question of emoluments. .. . .

SHRI H. R. GOKHALE: In fact that is the point I am driving at.

SHRI MADHU LIMAYE: In the last four years, you have done nothing.

SHRI H R. GOKHALE. Please allow me to continue.

As I said, that was the point I was coming to. The Government of India have now considered the proposals for improving the conditions of High Court as well as Supreme Court judges. As much as could be done without legislation has already been done. We are doing our best to improve the conditions of service.

Therefore, Sir, as I have said, there has been no conflict.

With regard to arrears, we are as much concerned as the hon. members are. But while the arrears are there, it must also be remembered that the institutions also have considerably increased Our citizens have become rightly more conscious of their rights and they go more to courts of law. But the House will be glad to know that, in recent years, in the last two or three years, the rate of disposal by the High Court judges and the Supreme Court judges has also increased. Even then the Chief Justices of the High Courts and the Chief Justices of the Supreme Court are taking all necessary steps to see that these arrears are cleared.

I might also mention that after we took over and we reviewed the whole situation, the strength of the High Court Judges in the country has also been increased then what it was in the past and we have also indicated to the State Governments that on a review of the situation, if a further increase in the strength of the High Court itself is necessary, the Government of India will be willing to consider it very sympathatically.

Now, the arrears cannot be attributed only to the shortage of Judges. While that may be one of the reasons, it cannot be attributed only to the shortage of Judges Delay in procedures and dependence on procedural laws which are there at present cause a lot of delay in procedures. The hon. Member particularly knows as a Member of the Joint Select Committee that proposals for amending the Civil Procedure Code are before the Parliament and that the Bill which was introduced in this House and has been referred to the Joint Select Committee was aimed mainly at cutting down the delays and costs. I hope the Joint Select Committee will submit its report very soon and we will be able to pass it next session which, I think, will considerably help in reducing the delay.

I would reassure hon. Members once again that in both the matters (1) in respect of filling up the vacancies and (2) in respect of doing everything possible to cut down the delays we will try to be as vigilant as possibly we can.

श्री मधुलिमये प्रधान मंत्री जी के बारे में कुछ कहेंगे

I am told that the Prime Minister has disapproved of his statement.

SHRI H R GOKHALE: Am I supposed to deal with statements in Maharashtra Assembly which are not part of the notice here?

MR SPEAKER: It is for him to deal with But if you want to deal with it I have no objection.

SHRI MADHU LIMAYE: Because of his adverse comments people are refusing to serve as Judges.

SHRI H R GOKHALE: That is not true But I will make a brief statement so far as facts are concerned I will not comment on it.

Certain statements were made and the Judges of the High Court of Bombay have made a reference to us with regard to those statements and the matter is under the consideration of the Government of India.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA (Begusarai): May I seek one clarification with your kind permission? The hon Minister seems to be....

MR. SPEAKER: I am sorry this is not proper.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: The hon. Minister earlier seemed to agree with the view that the Chief Justice of a High Court should hail from outside the State in which the High Court is located. I want to know whether he conforms to that view even now and whether he is taking any steps in that direction.

Secondly, he also seemed to agree with the view that High Court Judges, on retirement, should not be provided with lucrative jobs in the Government.

What is his view in regard to both these things?

MR SPEAKER: The question was raised by Mr Madhu Limaye.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: Appointment of Judges also includes appointment of the Chief Justice.

MR. SPEAKER: The point raised is about the delay in appointments.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: May be the delay is occurring because people from outside are not available. So, is that also one of the reasons coming in the way? Let him answer this point. He had told me when I had raised these points in the course of a debate on the Ministry of Law—he had told me personally after the debate that he agreed with the view—that the Chief Justice of a High Court should hail from outside the State and that the Judges should not be provided with lucrative jobs after retirement.

MR SPEAKER: You are not listening to me.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: No, Sir

MR. SPEAKER: Under Rule 377 he has raised a point whereas you are asking about a question of policy.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: No policy question It is right that the question raised is about the delay in the appointment of Judges. But I want to know whether delay has taken place also because of the fact that he is in search of persons outside the State and these persons are not available to man the High Courts

SHRI H. R. GOKHALE: It has not occurred because of that fact

MR. SPEAKER: Now I will take up Item 11—Further discussion and voting on the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture and Irrigation.

SHRI S M. BANERJEE (Kanpur): What has happened to my notice under Rule 377. It is a more important matter than the appointment of Judges.....

MR SPEAKER: Under 377? What a pity! It was never so before. I allowed Members to ask for a minute. This is also becoming a Calling Attention. This is very wrong.

SHRI S M. BANERJEE (Kanpur): I wanted to raise the question of workers in Kanpur facing starvation due to power-cut. So many factories will be closed. The responsiblity of the Central Government is there. They promised power. One lakh people are going to die of hunger if factories are closed. I wrote to you....

MR. SPEAKER: I could permit one only.

SHRI S. M. BANERJEE: You have selected correctly.

MR. SPEAKER: I have selected yours also. But it will come in course of time; not now. I am not allowing this I allowed one and this was pending and this came to me earlier

SHRI S. M BANERJEE: What earlier? Yesterday I gave that, Sir Yesterday I gave that notice.

MR SPEAKER: This came to me still earlier.

Order please I am not allowing you to go on I am not calling you

SHRI S M BANERJEE: On a point of order....

MR. SPEAKER: No point of order. It is over now.

SHRI S. M. BANERJEE: I have sent it before 10 O' Clock.

MR. SPEAKER: I am not compelled to admit it. I admitted one. I am not compelled to admit another. Every time you get up like this. Every day you get up like this.....

DR. KAILAS (Bombay-South): He wants to disobey you, Sir, in the name of point of order. He wants to go against your direction.

MR. SPEAKER: I am not allowing him. Nothing is going on record.

SHRI S. M. BANERJEE:*

SHRI VASANT SATHE (Akola): His disparaging remarks against supreme court judges and high court judges should be deleted.

MR. SPEAKER: Nothing is going on record unless he is called. I have not called him. There is no point of order.

12.38 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1975-76--*contd.*

MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION—*contd.*

MR. SPEAKER: Shri Shankar Dayal Singh to speak on the Demands for Grants relating to the Ministry of Agriculture and Irrigation.

There is no point of order.

I have called Shri Shankar Dayal Singh. Next item.

SHRI M. C. DAGA (Pali): The time for Agriculture Demands should be extended. Many Members want to take part in the discussion.

MR. SPEAKER: The time allotted to this item, Demands for Grants of the Ministry of Agriculture and Irrigation is 14 hours. After deleting the time taken, the time that is now available is 2 hours and 5 minutes.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): I walk out against this. This House cannot be converted into...

MR. SPEAKER: Don't waste all the time.

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): What will happen to the workers who are dying?

MR. SPEAKER: Everytime I cannot explain why I did this or that. The time is coming when the Speaker may become a scapegoat for everything. I am not at all prepared to listen to you on this subject. I have been accommodating you. If you will kindly go into the motions hundred times, I should say, every time you get up without permission and you want a minute or two to make your submission on them and then you try to force yourself on the Speaker, I am not going to allow this. Please do not do it now. I shall give you a chance next time--not today.

SHRI S. M. BANERJEE: Let a Committee be appointed to go into all these things.

MR. SPEAKER: So, a stage has come in the Parliament of this country and they are trying to make the Speaker a scapegoat; I should explain why I did not do this or why I did this. I have called Shri Shankar Dayal Singh. I have already called him and let him speak.

SHRI S. M. BANERJEE: At least let the Minister make a statement on this.

---

*Not recorded.

MR. SPEAKER: I cannot assure you. But, I shall give you a chance. Not today. Now, Shri Shankar Dayal Singh is on his legs. Let him continue.

श्री शंकर दयाल सिंह (चतरा) : अध्यक्ष महोदय, कृषि के सम्बन्ध में हम कई दिन से चर्चा कर रहे हैं। इस देश के सामने बहुत सारी समस्याएं हैं, लेकिन अगर हम मूल में जायें तो किसानों की समस्या ही सबसे बड़ी समस्या हमारे सामने है। जब किसानों की बात होती है, कृषि की बात होती है तो ये लोग ऐसे ही बोलना शुरू कर देते हैं। (व्यवधान) .. पहले मैं यह डिमांड करता हूं कि इनको चुप करवाया जाये।

श्री मूल चन्द डागा : इसके लिये समय बढ़ाया जाये। (व्यवधान)

श्री शंकर दयाल सिंह : अध्यक्ष जी, भारत कृषि प्रधान मंत्री देश है, किसानों का देश है और लगभग 50 प्रतिशत हमारी आमदनी कृषि पर निर्भर है और लगभग 75 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर करते हैं। ऐसी स्थिति में जब कि 75 प्रतिशत लोग इस पर निर्भर हों, और उनकी बात हो तो लोग यहां उसको अनसुना कर देते हैं और बाकी 25 प्रतिशत के लिये यहां हल्ला होता रहता है। 75 प्रतिशत किसान की बात मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। दो-चार प्रतिशत लोगों की बात मैं नहीं कहता हूं। ये लोग 75 प्रतिशत लोगों की बात आने पर हल्ला कर देते हैं क्योंकि कई राजनीतिक दल ऐसे हैं जो यह नहीं चाहते कि किसानों की उन्नति हो। (व्यवधान) :

MR. SPEAKER: Order please. Just a minute, Mr. Singh. It is a matter that if we have to go just by long power and shouting and all that, we are bound to expire ten or fifteen years earlier than expected. Mr. Banerjee, you are not in good health. I do not want you to exert yourself. I should try to accommodate you sometime later. Sometimes you go too much beyond the limits. After all I have certain preferences. I may tell you that it cannot come up now. I shall accommodate you later on. But, you go on insisting and insisting and you do not even listen to me. That is the only thing. I shall make you sit in my Chair and make you sit in my office for a week. You will kindly try to select motions and then satisfy others. I am definite that you will be in the hospital after a week.

SHRI S. M. BANERJEE: I was already in the hospital. I will not trouble you for more than five minutes.

MR. SPEAKER: I cannot deal with 500 people. Everybody does like that. Some do it in my chamber while others do it in this House. I shall do everything for you. But, you will kindly sit down.

SHRI S. M. BANERJEE: I would only request you to do one thing. I never go to the Chamber unless it is absolutely important. I sincerely come here at 10 O' Clock everyday. Let the Minister make a statement at the end.

MR. SPEAKER: Mr. Banerjee, I shall send it to the Minister, please do not get excited. I am worried about your health. Kindly sit down. Never get excited. There are two or three Members. They sometimes get excited. I feel very much embarrassed because of your health. Why do you irritate me? After all, I am a human-being. I am not made of wood. I am a human being.

SOME HON. MEMBERS: Sir, we want the time allotted for Demands of the Ministry of Agriculture be extended.

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Sir, a number of hon.

[Shri K. Raghu Ramaiah]

Members have been waiting for the last four days. Today at 3 O' Clock you have fixed the Calling Attention. May I suggest that the time be extended and the Minister will reply tomorrow.

MR. SPEAKER. I must appreciate it. It is so well manoeuvred. I agree to that. I know the Minister wants to reply tomorrow.

श्री शंकर दयाल सिंह : कृषि के सम्बन्ध में जब मैं चर्चा कर रहा था तो मैंने यह निवेदन किया कि इसके सम्बन्ध में मुझ से पूर्व बहुत सारे वक्ताओं ने बहुत बातें कही हैं इसलिए मैं नहीं चाहूंगा कि जो बातें यहां कही गई हैं उन को मैं फिर से दोहराऊं। मैं कुछ भिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालना चाहूंगा। मुख्य रूप से खाद, बीज, बिजली, डीजल, गेहूं के मूल्य और लेवी के सम्बन्ध में जो बातें कही गई हैं, उस सम्बन्ध में मैं मंत्री महोदय से और बहुत कुछ निवेदन नहीं करना चाहता हूं।

मैं आपके माध्यम से सबसे पहले बिहार की उन सिंचाई समस्याओं की ओर मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा जो बहुत वर्षों से केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन पड़ी हुई हैं। उन योजनाओं में भी मुख्य रूप से एक योजना का उल्लेख करना चाहता हूं। दामोदर वैली कारपोरेशन के अन्दर तिलैय्या-कोनार योजना जो पिछले लगभग 10,12 वर्षों से केन्द्रीय सरकार के पास विचाराधीन है, और मैं बहुत बार इस सम्बन्ध में प्रश्न भी पूछ चुका हूं, सरकारी उत्तर भी मिल चुका है लेकिन अभी तक उसका कोई भी काम नहीं हो सका है।

दामोदर वैली कारपोरेशन द्वारा बंगाल को 10 लाख एकड़ से अधिक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध है। लेकिन बिहार में उसके सबसे अधिक 5 बिन्दु हैं लेकिन बिहार को अभी तक एक इंच भूमि-पटवन के लिए भी उससे जल नहीं मिलता है। इसलिए मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि जैसे नर्वदा का जल विवाद था, उसको सरकार ने सुलझाने के लिए पहल की, कावेरी के सम्बन्ध में भी केन्द्रीय सरकार ने पहल की उसी तरह से दामोदर वैली कारपोरेशन के अन्दर जो कोनार और तिलैय्या की योजना केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन है, फौरन उसको भी जल्द से जल्द सुलझा कर निपटारा किया जाये।

यह दोनों परियोजनाएं मेरे क्षेत्र में पड़ती हैं और पिछली बार चार वर्ष पूर्व मैंने वहां के लोगों से वायदा किया था कि मैं जब सदन में जाऊंगा तो आपकी बात को जरूर रखूंगा और इस काम को करवाने के बारे में पूरा प्रयत्न करूंगा। मंत्री महोदय को कम से कम कुछ तो कहना चाहिएत्र, अब जब कि एक साल चुनाव के बीच में रहा है, मैं वहां जाऊं तो किस मुंह और आशा से जाऊं। मेरा भी पानी बच सके।

सिंचाई के सम्बन्ध में और बातें न कह कर मैं केवल इतना ही कहा चाहूंगा कि आज भारतीय किसान, चाहे वह पंजाब का हो, या हरियाणा, बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र का हो, केवल यह चाहता है कि सरकार उस को पानी मुहैया करे। पानी की इन्तजार में उन लोगों की आंखें पानी से भरी रहती हैं—उन की आंखों में दर्द के आंसू भरे रहते हैं, लेकिन उन के खेतों में पानी नहीं रहता है सरकार ने सिंचाई के लिए बहुत सी योजनाएं बनवाई हैं, लेकिन किसानों को उन से उतना लाभ नहीं मिला है, जितना कि उन्हें मिलना चाहिए।

हमारे यहां बिहार में सौ वर्ष से भी पुरानी एक योजना चल रही है। 110 साल से भी अधिक हो गये हैं कि सोन नदी से एक नहर की निकासी हुई थी। उससे किसानों को जितना लाभ मिल रहा है, उतना लाभ कोसी और गंडक योजनाओं से भी नहीं मिल सका है। इसलिये हमें यह देखना चाहिए कि हम सिंचाई के लिए जो योजनायें बनाते हैं, वास्तव में उन से किसानों को कितना लाभ मिलता है।

मूल्यों के सम्बन्ध में बहुत सी बातें कही गई हैं। खास तौर से जब श्री दरबारा सिंह ने कांग्रेस की ओर से शुरुआत की, तो उन्होंने पंजाब और हरियाणा के किसानों की बात कहते हुये गेंहू के मूल्य के सम्बन्ध में सरकार के सामने अपने विचार रखे। सरकार ने गेंहू का मूल्य 105 रुपये प्रति-क्विन्टल निर्धारित किया है, जबकि किसानों को हर चीज की कीमत दुगनी या ढ़ाई गुना अधिक देनी पड़ रही है।

इस सम्बन्ध में मैं मंत्री महोदय के सामने महात्मा गांधी के 1946 के एक लेख से कुछ वाक्य रखना चाहता हूं। उस समय देश में अन्तरिम सरकार थी। उनसे यह प्रश्न किया गया :

> "अन्तरिम सरकार की नीति अनाज की कीमत कम करने की है। क्या अनाज की पैदावार पर इस का बुरा असर नहीं पड़ेगा?"

बापू ने जवाब दिया :

"मैं तो अनाज की कीमत और भी कम कर देना चाहता हूं। मैं खुद किसान हूं। शायद आप नहीं जानते, मगर मैं जानता हूं कि किसानों को जितनी कीमत दी जाती है, वह उनके घर नहीं पहुंचती। किसानों को जो धक्का पहुंचा है और अनाज की कीमत बढ़ने से जो सवाल पैदा हो गया है, उस को यदि अन्तरिम सरकार हल नहीं कर सकती तो उसे खतम हो जाना चाहिए। अन्तरिम सरकार किसनों का गला घोंट कर आम लोगों को सस्ता अनाज कभी नहीं दे सकती।"

गांधीजी ने यह बात कही थी। मैं समझता हूं कि हमारी सरकार के सामने भी यह दृष्टि-कोण रहना चाहिए।

इस विषय को छोड़ कर मैं दो महत्वपूर्ण विषयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

कृषि के अन्तर्गत जो कई महत्वपूर्ण कार्य हैं, उन में दो तीन ऐसे कार्य हैं, जिन को प्रमुखता देनी चाहिए। भारतीय खाद्य निगम द्वारा जो वितरण या क्रय का कार्य होता है, उस से हम लोग संतुष्ट नहीं हैं। इस का मुख्य कारण यह है कि भारतीय खाद्य निगम की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी, उन की पूर्ति नहीं हो रही है। उस में चोरियां बहुत अधिक होती हैं और उस के कर्मचारी दिन प्रति दिन बढ़ते चले गये हैं। मैं समझता हूं कि जब इस निगम की स्थापना हुई थी, उस समय उस के कर्मचारी 6 और 7 हजार के बीच में थे और आज उस के पास 44 और 50 हजार के बीच में कर्मचारी होंगे।

कृषि और सिंचाई मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णा सांहिब पी० शिन्दे): 70000.

श्री शंकर दयाल सिंह : मंत्री महोदय बता रहे हैं कि इस समय 70,000 कर्मचारी हैं। इस बारे में बार-बार चर्चायें हुई हैं। मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि वह इस सारे प्रश्न को एक विवेचनात्मक दृष्टि से देखे। मैं कई बार सवाल पूछ चुका हूं और सरकार की ओर से जवाब दिया गया है कि एफ० सी० आई० के गोदामों में भयंकर चोरियां हुई हैं। ऐसे अपराधों के लिए जितना दंड दिया जाना चाहिए उतना नहीं दिया गया है। मेरे अपने क्षेत्र में एफ० सी० आई० का एक गोदाम कोडरमा में है। मुझे शिकायत मिली है कि वहां पर बराबर चोरियां होती हैं। मैंने इस बारे में सरकार को लिखा भी है। सरकार की ओर से यह जवाब आया है कि वहां के गोदाम में बराबर कमी पड़ी है। इस स्थिति में सरकार को एफ० सी० आई० के काम की जांच करनी चाहिए, वर्ना देश की अर्थ-व्यवस्था पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा।

[श्री शंकर दयाल सिंह]

कृषि विभाग के अन्तर्गत भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् का एक बहुत बड़ा कार्य भी है और उस की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के सम्बन्ध में इस सदन में कई दफा चर्चा ये पहले हो चुकी हैं। अभी हाल में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की कुमारी ज्योति की आत्महत्या के सम्बन्ध से मंत्री महोदय ने बयान दिया। इस से पहले भी जो आत्महत्यायें हुई थी, उन के बारे में सरकार की तरफ से बयान दिये गये हैं। इसी के परिणामस्वरूप गजेन्द्रगडकर कमेटी का निर्माण किया गया था और उस कमेटी ने कुछ सिफारिशें भी की थी। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि उस ने अब तक गजेन्द्रगडकर कमेटी की सिफारिशों में से कौन कौन सी सिफारिश मानी है।

मेरा अपना ख्याल है कि भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् से जितना लाभ होना चाहिए, उतना लाभ नहीं हो पा रहा है। इस लिए सरकार को उस के कामों की दख-रेख करनी चाहिए, नहीं तो जैसे इस सदन में रेलवे बोर्ड की बराबर आलोचना हुआ करती है, वैसे ही भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की भी बराबर आलोचना होती रहेगी। यह संस्था कोई आज की नहीं है। जहां तक मुझे स्मरण है, 1924 या 1926 में इस का निर्माण हुआ था। रेलवे बोर्ड की तरफ से इस का एक अपनी आर्गनाइजेशन है। कृषि पर इस का बहुत बड़ा इमपैक्ट पड़ सकता है, लेकिन वह नहीं पड़ रहा है।

यह बड़ी खुशी की बात है कि श्री जगजीवन राम के नये कृषि मंत्री होने के साथ साथ देश में हर जगह पैदावार की बाढ़ सी आ गई, है। यह ठीक है कि कुछ हिस्सों में सूखा है, जैसे, गुजरात में अकाल है, सूखा है, तबाही है, लेकिन मैं जानता हूं कि बिहार में जहां पहले घास भी नहीं उगता था वहां भी इस बार गेहूं की फसल लहलहा रही है।

जहां तक पैदावार का सम्बन्ध है, मंत्री महोदय ने कल घोषणा की है कि इस वर्ष रबी की फसल से रिकार्ड उत्पादन होने जा रहा है। मैं चाहता हूं यह रिकार्ड कायम रहे, और बार-बार, दूसरे ऊंचे रिकार्ड से इस को तोड़ा जाता रहे। तभी देश का भविष्य सुनहला होगा।

भारत में बहुत दिन तक रहने के बाद जब एक विद्वान राजदूत, श्री मोयनिहेन, हाल ही में वापिस लौटे, तो उन्होंने न्यूजवीक को एक इन्टरव्यू देते हुए कहा

"जिस देश की 60 करोड़ आबादी हो और कुल राष्ट्रीय उत्पादन की दृष्टि से दुनिया में जिस का दसवां नंबर हो, उसे आप संकटग्रस्त तो नहीं कह सकते। आज भारत तीव्र आबादी—वृद्धि और निम्न प्रतिव्यक्ति आय की व्यवस्था में है। अगर भारत अपनी कृषि उत्पादकता को ठीक ढर्रे पर ला सके, तो वह तमाम दुनिया का खिला सकता है। उस के पास पानी है, धूप है, जमीन है।"

13.00 hrs.

इस लिए आवश्यकता इस बात की है कि हमारे देश में जो असिंचित जमीन है, उस को सिंचाई के लिए पानी दिया जाये, और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता दी जाये। बुद्धि जीवियों और दूसरे वर्गों की बात तो यहां पर बराबर होती रहती है। लेकिन जो 75 प्रतिशत जनता आज कृषि पर निर्भर है, उस की तरफ सरकार पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाती है, क्योंकि उन की बातें अखबारों में बड़ी सुर्खियों में नहीं आ पाती हैं। वह है ग्रामीण मजदूरों की समस्या। जैसे किसानों की समस्याएं हैं उन से बहुत बदतर ग्रामीण मजदूरों की समस्याएं हैं जो पिछले सर्वे के अनुसार देश में इस समय 4 करोड़ 74 लाख 80 हजार हैं। इन बेचारे मजदूरों की संख्या बराबर बढ़ती चली जा रही है, घट नहीं रही है। इसलिए कि सन् 1961 में इनकी संख्या 3 करोड़ 15 लाख थी

बात मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि अभी तक जो स्थिति है चाहे वह काईंड में मिले या कैश के रूप में मिले ग्रामीण मजदूरों का बहुत बड़ा शोषण उस में होता है। इस के लिए कई राज्यों ने लेजिस्लेशन तैयार किया है लेकिन उन का इम्पैक्ट इसलिए नहीं पड़ता है कि ग्रामीण मजदूर तो कोई आर्गेनाइज्ड नहीं हैं ट्रेड यूनियन की तरह, वह तो अलग-अलग गांवों में, जंगलों में बिखरे हुए हैं। उनको 1 रुपया, डेढ़ रुपया, 2 रुपया, ढाई रुपया, इस तरह से मजदूरी मिलती है और उस में भी महिलाओं और पुरुषों की मजदूरी में काफी अंतर है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि ग्रामीण मजदूरों की समस्या को सरकार मुख्य समस्या माने और और इस पर ध्यान दे। जो लेजिस्लेशन पास हुए हैं उन को ता लागू करवाए ही, साथ साथ केन्द्रीय सरकार भी इस संबंध में कोई बेज बोर्ड अगर गठित कर सके और उन की मजदूरी निर्धारित कर सके तो मैं समझता हूं कि देश के के बहुत बड़े हिस्से का कल्याण होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ जो नई फसल के संबंध में जिन्दे साहब ने कल बयान दिया तथा आज जो हर जगह बहुत बड़ी मात्रा में फसल लहलहा रही है उस का स्वागत करते हुए मैं आशा करता हूं कि बहुत जल्दी भारत में वह दिन आएगा जब हम बाहर से एक छटाक भी अन्न नहीं मंगाएंगे और देश अन्न के मामले में आत्म निर्भर होगा।

MR. SPEAKER: It is very interesting that the list of members before me is almost double the number of members present in the House. It is a very depressing sight for the Chair to sit in an empty House when such important Demands relating to agriculture, irrigation, etc. are discussed, when you can give constructive suggestions. But when the zero hour is there the House is packed to the full. Look at the totally empty opposition benches. Even on this side, there are very few members.

श्री आशीरथ भवर (झालावाड़): सभापति महोदय, आप ने इस महत्वपूर्ण मांग के ऊपर बोलने के लिए अनुमति दी इस के लिए मैं आप को धन्यवाद देना चाहता हूं।

देश में अगर सब से आवश्यक चीज कोई है तो वह है अन्न। अन्न के बगैर देश में कोई जीवित नहीं रह सकता है। आज देश में इस बात की आवश्यकता है कि अन्न की कमी को दूर करने के लिए कृषि के आधुनिक साधन उपलब्ध कराए जाएं। वैसे पिछले सालों में हरितक्रान्ति के नाम पर काफी पैसा भारत सरकार और राज्य सरकारों ने खर्च किया है। हो सकता है कि उस का नतीजा कहीं-कहीं कुछ अच्छा भी मिला हो लेकिन कई जगह पर करोड़ रुपये बेकार खर्च हुए। केवल नारा नारा ही रह गया आज भी हालत बहुत खराब है। मैं अपने प्रदेश के बारे में कहना चाहूंगा क्यों कि समय शायद आप बहुत कम देंगे। मध्य प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है जहां पर कृषि के लिए काफी गुंजाइश है अच्छी पैदावार की जा सकती है। जैसा कि आप का प्रदेश पंजाब है, पंजाब के मुकाबले में मध्यप्रदेश में भी खेती की पैदावार बढ़ाई जा सकती है, लेकिन हमारा दुर्भाग्य है कि अभी तक मध्य प्रदेश में खेती की पैदावार जिस रूप में बढ़नी चाहिए उस रूप में वह नहीं बढ़ी। उस का कारण यह है कि सिंचाई के साधन बहुत सीमित हैं। जब कि वहां सिंचाई के साधन बढ़ाने के लिए काफी गुंजाइश है, कई सिंचाई योजनाएं कई सालों से विचाराधीन पड़ी हुई हैं जिन के ऊपर अभी तक कोई अन्तिम निर्णय नहीं हुआ। जैसे

[श्री भागीरथ भवर]

नर्मदा घाटी योजना है, अगर नर्मदा घाटी योजना को कार्यान्वित किया जाए तो इस प्रदेश की लाखों एकड़ जमीन उससे सिंचित हो सकती है और उसमें पैदावार बढ़ाई जा सकती है। लेकिन वह अभी तक पड़ी हुई है। कभी वह ट्रिब्यूनल के पास जाती है कभी भारत सरकार उस पर सोचती है, कभी अलग अलग राज्यों के मुख्य मंत्री बैठ कर उस पर सोचते हैं। लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ। तो मैं इस सम्बन्ध में निवेदन करना चाहूंगा कि चाहे वह अभी ट्रिब्यूनल के पास हो या जहां भी हो भारत सरकार को चाहिये कि इस महत्वपूर्ण प्रकाम पर शीघ्र-तिशीघ्र निर्णय करे ताकि देश के अन्दर कृषि की पैदावार बढ़े। देश में आज अन्न की कमी है और उसके लिए जो हम आज दूसरे देशों के सामने हाथ पसारते हैं यह ठीक नहीं है।

इस के अलावा भूमि संरक्षण की योजना भी बनी कई देशों में भूमि सुधार के कानून भी बने। लेकिन वह कानून कानून बनकर रह गए चाहे सीलिंग का मामला हो चाहे कोई और मामला हो वह कानून केवल कानून बन कर रहे गए है। भूमि संरक्षण के सम्बन्ध मे हमारे मध्य प्रदेश में पिछले दिनों काफी शिकायतें हुई। भूमि संरक्षण के नाम पर पैसा खर्च होता है उस मे कई अधिकारियो ने भ्रष्टाचार किया। पिछले दिनों आप ने सुना होगा वहा एक डायरेक्टर लाया थे जो डायरेक्टर आफ एग्रीकल्चर थे उन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप थे उन को मध्य प्रदेश से निकाला गया। लेकिन उसके बाद वह राजस्थान मे किसी यूनिवर्सिटी के चांसलर बना दिए गए। अभी अभी यह कार्यवाही की गई। इसी प्रकार मैंने एक भूमि संरक्षण अधिकारी के खिलाफ लाखों रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, वह सस्पेंड हुआ। उस के बाद उस को डायरेक्टर बना कर भोपाल के डायरेक्टोरेट में बैठा दिया गया। इस प्रकार से लाखो रुपया खाने के बाद ऐसे लोगो का प्रोमोशन कर दिया जाता है। उस को महत्वपूर्ण पदों पर बैठा दिया जाता है तो हमारी कृषि की पैदावार जो हम बढ़ाना चाहते हैं वह कैसे बढ़ेगी? अभी मैं ने एक शिकायत की है कि हमारे यहां भूमि संरक्षण विभाग में जो भूमि में गड्ढे खोदे जाते हैं उन में लाखों रुपये का घोटाला हुआ है जिस में कि कई अधिकारी अभी तक ऐसे हैं जिन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। तो मैं चाहूंगा कि यह काम केवल राज्य सरकारों पर न छोड़ा जाए। पैसा राज्य सरकारों को आप देते हैं। उस पैसे का दुरुपयोग होता है। यदि सुधार के लिए केन्द्रीय सरकार भी पैसा देती है और अगर उस का सदुपयोग नहीं होता है तो भारत सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उस को देखे और कहीं से भी शिकायत आए तो उस पर तत्काल कार्यवाही करें। कृषि के मामले मे जिन अधिकारियो को शिकायत आए उन को दण्ड देना चाहिए और नौकरी से बर्खास्त कर देना चाहिए।

इस के अलावा मैं पहाड़ी क्षेत्रों के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। वैसे समतल भूमि जहां होती है, सिंचाई के साधन जहां होते हैं वहां तो हर तरह से साधन उपलब्ध हो जाते है, उन को लोन भी मिल जाता है, सब कुछ सहायता उन्हें मिल जाती है। लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ भी नहीं होता है। नतीजा यह होता है कि जो पहाड़ी जमीन है जहां थोड़ी बहुत भी कृषि योग्य भूमि होती है वह घूम कर के बिलकुल निरर्थक बन जाती है। तो उस के लिए ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, चाहे बुलडोजर हो या और ऐसे साधन हो जिस से उन जमीनों को समतल किया जा सके। पहाड़ी क्षेत्रों मे इस का इंतजाम करना चाहिए जिस से वहां भूमि सुधार हो सके और लोग पैदावार बढ़ा सकें।

सुधरे हुए बीजों में काफी प्रचार होता है। हम को भी रोज उस के बारे में पत्रिकाएं मिलती है, लेकिन आजकल ऐसे होता है कि

जैसे हर चीज में मिलावट चल गई है ऐसे ही सुधरे हुए बीजों के नाम पर कई लोगों ने ऐसे फार्म खोल लिए हैं जो नकली और घटिया बीज बाजार से खरीद कर बेचते हैं और उस के अनाप शनाप पैसा कमाते हैं। नतीजा यह होता है कि वह बीज किसानों को दिया जाता है तो उस से उतनी पैदावार नहीं होती है।

गुजरात के दोहद में एक पाण्डया फाइया नाम की संस्था है, वह बीज देने का काम करती है। सरकार से पैसा लेती है, लेकिन बीज बाजार से खरीद कर थैलियों में बन्द कर के मोहर लगा कर किसानों को बेचती है और वह बीज बेकार निकलता है। किसान जो कि एक अनपढ़ ग्रामीण है, वह कभी भी शिकायत करने नहीं जाता कि उस बीज से झाड तो बढ़ गया, लेकिन फल नहीं लगा। इस प्रकार की कई बात हमारे सामने आती हैं। मैं चाहता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए और ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए खाद बहुत जरूरी चीज है लेकिन फर्टिलाइजर की कीमत गत साल दुगनी कर दी गई। साधारण किसान जिस के पास कम रकबा है, वह उस को खरीद नहीं सकता, उस को बैंक से लोन भी नहीं मिलता और यदि लेने भी जाता है तो रिश्वत देनी पड़ती है, कई दिनों तक भटकना पड़ता है। इस लिए मैं चाहता हूं कि खाद की कीमतों में जो वृद्धि हुई है, आइन्दा उस को और ज्यादा न बढ़ाया जाए।

दूसरी बात यह है कि खाद का वितरण ठीक से होना चाहिए, उस पर कालाबाजारी न हो। इस समय जो खाद का वितरण होता है, उस में कालाबाजारी होती है और लोग अनाप-शनाप पैसा कमाते हैं, चाहे प्राईवेट की मारफत मिले या ग्राम सेवकों की मारफत मिले। कृषि अधिकारी के माध्यम से भी जो वितरण होता है उस में भी कालाबाजारी होती है, 100 रुपये के बजाय 150 या 200 रुपया देना पड़ता है और वह भी समय पर नहीं मिलता है। जब किसान को खाद देने की जरूरत होती है, तब नहीं मिलता है। इसी तरह से सुधरे हुए बीज भी समय से नहीं मिलते हैं, किसान इधर उधर से ला कर जब बो देता है उसके बाद उसको बीज मिलता है। इस पर ध्यान देना चाहिए। यदि ये बुराइयां दूर की जा सकें तो खेती की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

खाद के बारे में एक बात और कहना चाहता हूं—हम देश में खाद के कारखाने बहुत कम हैं। मेरे क्षेत्र झाबुआ में फौस्फेट निकला है, उस से खाद का कारखाना खोला जा सकता है। इस समय उसको वहां से निकाल कर बाहर भेजा जा रहा है। हालांकि कारखाना खोलने से आप का सम्बन्ध नहीं है, लेकिन फिर भी खाद से आप का सम्बन्ध है। इसलिये मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां जो फास्फेट निकला है, उस का कारखाना वहीं खोला जाना चाहिये। मेरा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है—झाबुआ बैकवर्ड क्षेत्र है—वहां जो फास्फेट निकला है, यदि उस का कारखाना वहीं खोल दिया जाय तो उससे आस-पास और विशेषकर मध्य प्रदेश के लोगों को सस्ती खाद मिलने लगेगी और लोगों को मजदूरी और धंधा भी मिलने लगेगा। मेरा अनुरोध है कि मंत्री जी इस सम्बन्ध में अवश्य कुछ कदम उठायें।

हमारे यहां वन निरन्तर बरबाद होते जा रहे हैं, जिस से पानी की कमी होती जा रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जहां वन ज्यादा होता है, वहां पानी ज्यादा गिरता है। वनों के लिये राज्य सरकारें भी पैसा खर्च करती हैं और केन्द्रीय सरकार भी पैसा खर्च करती है, लेकिन उस के बावजूद भी वन बरबाद हो

[श्री भागीरथ झवर]

रहे हैं। मैं चाहूंगा कि वनों की रक्षा के लिये सख्त कदम उठाये जायें। जितने वन इस समय हैं उन की रक्षा की जाय और जहां वन नहीं है, पहाड़ियां नंगी पड़ी हैं, जहां वृक्षारोपण के सिवाय और कुछ पैदा नहीं हो सकता, वहां वृक्षारोपण की योजना बनाई जाय। इससे लोगों को धंधा मिलेगा और वन भी इस देश में बढ़ेंगे।

मैं पुनः निवेदन करना चाहता हूं—छोटे किसानों को आज जो सुविधायें नहीं दी जा रही हैं—न बीज मिलता है, न खाद मिलता है और न लोन मिलता है—इस तरफ़ विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। छोटे किसानों की जमीनों के सुधार के लिये व्यवस्था होनी चाहिये। मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं—जो बड़े किसान हैं, जिन के पास अधिक जमीन हैं, उन को भी यदि कर्ज नहीं मिलता है तो वे पैदावार नहीं बढ़ा सकते हैं, ट्रैक्टर या सुधरे हुए औजार नहीं खरीद सकते हैं। इस ओर भी आप का ध्यान जाना चाहिए। यदि ठीक तरह से खेती की पैदावार की तरफ़ ध्यान दिया जाय तो मैं समझता हूं कि देश की खाद्य समस्या सुधर जायगी। खास तौर से खेती के मामले में कृषि विभाग में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उस को रोका जाना चाहिये। इस से खेती की पैदावार बढ़ सकती है और दूसरे देशों के सामने जो हाथ पसारना पड़ता है, वह स्थिति बदल सकती है।

श्री रामशेखर प्रसाद सिंह (छपरा) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आप का बहुत आभार प्रकट मानता हूं, आप ने इस बहुत महत्वपूर्ण विषय पर विचार प्रकट करने का मुझे अवसर दिया। यह देश—काश्मीर से कन्याकुमारी तक और अटक से कटक तक—सारा देश कृषि प्रधान देश है। श्री सकर दयाल सिंह जी ने अभी कहा कि 75 से 80 प्रतिशत लोग किसानी और खेती करते हैं। इस लिये देश की आर्थिक नींव किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होने पर निर्भर करती है। यहां के किसान ज्यादातर गांवों में रहते हैं। जब तक गांवों के निर्माण और खेती के विकास पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जायगा तब तक इस देश की प्रगति होना सम्भव नहीं है। यह दुख का विषय है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के 28 वर्षों के बाद भी, जबकि यह सारा देश कृषि प्रधान देश है, हमें अपने खाने-पीने के लिये जितने अन्न की आवश्यकता है, वे पैदा नहीं कर सके हैं। इस का मुख्य कारण यह है कि हम अभी तक अपनी पुरानी परम्परा वाली प्रकृति पर ही खेती को निर्भर करते रहे, सरकार की विभिन्न योजनाओं के द्वारा प्रकृति पर जो कब्जा करना चाहिये था वह हम नहीं कर सके।

देश के किसी न किसी भाग में हर साल या तो ज्यादा पानी पड़ने की वजह से बाढ़ आ जाती है या कम पानी होने से सूखा पड़ जाता है। यों तो सरकार ने भिन्न-भिन्न प्रदेशों में भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनायें बना कर इस काम को करने का प्रयत्न किया, लेकिन फिर भी हम इन पर काबू नहीं पा सके हैं। यह बात सही है कि खेती के लिये सर्व प्रथम पानी की आवश्यता है। हमारे देश में नदियों की कमी नहीं है। यदि उन नदियों को ठीक से बांध कर के पानी का पूरा उपयोग किया गया होता तो जो स्थिति आज हमारी है, वह पैदा नहीं होती।

13.16 hrs.

[MR SPEAKER in the Chair]

सिंचाई योजनाओं में एक लघु सिंचाई योजना है, जिसे मध्यम वर्गीय योजना भी कहते हैं, यह योजना राज्य सरकारें चलाती हैं। योजना आयोग की मारफत भारत सरकार राज्य सरकार को इस के लिए पैसा देती है। इस योजना पर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बड़ी-बड़ी योजनाओं पर तो भारत सरकार काम कर रही है, लेकिन लघु सिंचाई योजना पर उतना ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जितना दिया जाना

चाहिए। ये योजनायें ऐसी है जिन पर खर्चा कम होता है और थोड़े समय में इन का लाभ मिलना शुरु हो जाता है। मैं चाहता हूं कि इन पर विशेष ध्यान दिया जाय। छोटे छोटे किसान इन से लाभ उठा सकते है, सरकार की ओर से ट्यूब-वेलिंग का काम हो सकता है, बहुत से लोग स्वय भी इस काम को कर लेते है, इन के लिए टैक निकल एसिस्टेंस और आर्थिक सहायता सरकार दे और इन को जल्द से जल्द पूरा कराय। लेकिन इस के साथ साथ विभिन्न प्रदेशो में जो बड़ी बड़ी योजनायें बनी है उन को भी शीघ्र पूरा कराने का प्रयास होना चाहिए। ऐसा करने से मेरा विश्वास है कि कुछ ही दिनो में यह देश अपनी आवश्यकता पूरी कर सकेगा और जितनी हमारी आवश्यकता है उस को पूरा करने के बाद दूसरे देशो को भी भेज सकेगा।

जैसा मैंने अभी बताया—बिहार भी एक कृषि प्रधान प्रदेश है। इसके दो भाग है—गगा नदी के उत्तर का जो इलाका है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश से सटा हुआ है, वह तो बिलकुल ही कृषि प्रधान है, वहा कोई उद्योग धन्धे नही है। वहा पर अनको बड़ी बड़ी नदिया है। भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति पूज्य बाबू राजेंद्र प्रसाद जी, जिस समय अन्तरिम सरकार में कृषि मत्री थ, यह बात 1947–48 की है, उन्होंने गण्डक योजना बनाने के लिए बिहार सरकार को लिखा था? उन्होंने अपने पत्र में कहा था कि गण्डक योजना सिंचाई योजनाओं में एक ऐसी योजना है कि उस के कार्यान्वित करने के बाद देश में जितने अन्न की आवश्यकता है, उस आवश्यकता की पूर्ति हो सकती है और विदेशो को भी अन्न भेजा जा सकता है। और यह भी बताया था, जो कि वास्तविकता है, कि जितने कम पैसे में अधिक अन्न इस योजना के पूरा हो जाने से हो सकता है उतने कम पैसे में और किसी योजना से नही हो सकता है। लेकिन उस समय प्रारम्भ नहीं हो सका, 10 वर्ष बाद तृतीय योजना में यह काम लिया गया और जिस को आज तक पूरा हो जाना चाहिए था वह पूरा नही हो पाया। भारत सरकार ने इस में दिलचस्पी नही ली। बिहार सरकार न भारत सरकार से दो, एक बार निवेदन किया कि इस योजना को जल्दी पूरा करना चाहिए जिस से बिहार के चारन, चम्पारन मुज्जफरपुर, दरभगा के इलाके मे और यू०पी० के गोरखपुर और देवरिया इलाको में और नैपाल के इलाको में इस से लाभ हो सकेगा और यह क्षेत्र इतना अन्न पैदा कर सकेंगे जिस से अपनी आवश्यकता पूरी करने के बाद देश के अन्य क्षेत्रो की आवश्यकता को भी पूरी कर सकेंगे। जब से माननीय जगजीवन राम जी कृषि मत्री हुए है तब से लहलहाते खेत दिखाई दे रहे है, मेरा उन से निवेदन है कि वह इस ओर ध्यान देंगे और इस योजना को पूरा कर सकेंगे जिस से अन्न की कमी को पूरा किया जा सकेगा।

पानी के बाद अच्छे बीज की आवश्यकता होती है। किसी भी प्रदेश मे ठीक समय पर बीज नही पहुचता है। हमारे यहा 10, 15 सालो से यही हो रहा है कि बीज मगाने का काम सितम्बर महीने से शुरु होना है लेकिन उस की असली प्राप्ति अक्तूबर के अन्त मे या नवम्बर में होती है जब कि 80 फीसदी जमीन बो दी जाती है। और कभी कभी बीज ऐसा भी आता है जो उस जमीन के लिए उपयुक्त नही होता है परिणामत एक, दो महीने बात भी वह अकुरीत नहीं होता और वह खेत बेकार हो जाते हैं। इसलिए अच्छे बीज बनाने के लिए हर राज्य में बीज केन्द्र खोलने चाहियें और उन में अच्छे बीज पैदा कर के किसानो को उचित समय पर बटवाने चाहिय।

तीसरा स्थान फर्टिलाइजर का आता है। पिछले साल फर्टिलाइजर की कमी

[श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह]

से हमारे यहां कुछ काम नहीं हो सका। डीजल की स्थिति भी खराब थी और किसानों को जिस वक्त सिंचाई के लिए पानी चाहिए था उस वक्त उन को डीजल नहीं मिलता था। साथ ही उस का दाम भी बढ़ गया था। किसान द्वारा पैदा की हुई चीजों का दाम तो तय कर दिया जाता है, लेकिन उस की जो जरूरत की चीजें हैं वह आप उपलब्ध नहीं कराते। इन कठिनाइयों का सामना करने पर किसान की स्थिति इतनी कमजोर पड़ जाती है कि वह ठीक से काम नहीं कर पाता है।

इन सब चीजों को पूरा करने के बाद आप को भूमि नीति में भी सुधार करना चाहिये। बराबर सुनते हैं कि भूमिहीन किसानों को मजदूर वर्ग के लोगों को भूमि दी जा रही है। लेकिन वास्तविकता कुछ नहीं है। ज्यादा जमीन वालों से कितनी जमीन आप ने ली, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। देने वाली बात बिल्कुल कागज पर रहती है। अमलियत में भूमिहीनों को कोई जमीन नहीं मिलती है। जब तक आप यह नहीं पता लगायेंगे कि कितनी जमीन आप ने ज्यादा जमीन वालों से ली तब तक कुछ नहीं हो सकता है। बिहार में बहुत से भूमिपति ऐसे हैं जिन का कांग्रेस पर आधिपत्य है। अपनी जमीन को बेनामी बनाये हुए हैं और यहां तक कि उस को अपने कुत्ते, बिल्ली के नाम पर लिखे हुए हैं। इसलिए बांटने के पहले कितनी जमीन आप ने बड़े बड़े काश्तकारों से ली इस की घोषणा करनी चाहिये जिस दिन आप के हाथ में जमीन आयेगी तो आप आसानी से जमीन बांट सकते हैं।

इस के बाद भूमि सुधार के लिए जरूरत है कि चकबन्दी हो। बिहार के एक दो जिलों में चकबन्दी का काम आरम्भ हुआ है। लेकिन अधिकारियों के भ्रष्टाचार की वजह से वह काम पूरा नहीं हुआ है। सरकार इस काम को शीघ्र पूरा कराये। अगर आप इन कामों को पूरा कर लेंगे तो हम लोग इतना अन्न पैदा कर सकेंगे कि देश की आवश्यकता तो पूरी होगी ही, बल्कि बाहर भी हम भेज सकेंगे। यह देश कृषि प्रधान रहा है और हमेशा कहा गया है कि यहां घी, दूध की नदियां बहती थी, उस की ओर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मुझे आशा है कि सरकार और खास कर माननीय सिन्दे साहब जो किसान परिवार से आते हैं, इन बातों की ओर अवश्य ध्यान देंगे।

SHRI BANAMALI BABU (Sambalpur): Growth rate in agriculture is always a slow process. The conditions necessary for a higher rate of growth are, among other things a good agrarian structure, irrigation and a scientific management of water and soil which are wanting in our country. However, the progress we have made in agriculture so far as, compared to some developed countries of the world where the breakthrough came after long 50 years even with their distinct advantages, over this country, is noteworthy. We are lucky to have achieved a significant measure of progress within a short time.

At the same time, I would like to draw the attention of the Government which is also referred to in the Economic Survey. We have no reason to be compacent in this regard that we have achieved a rate of growth as high as 6.1 per cent on wheat crop. Then how is it that the growth in rice is still languishing at 2.5 per cent. There are various reasons for this shortfall which, I hope, the Minister will take into consideration for a higher rate of growth in rice.

Secondly, the growing unemployment in the rural area is a matter of serious concern and the Government should give a higher priority to tackle

this probem. The dimension of this problem can be imagined when 70 per cent of the total work force of the country is located in the rural areas. Their number was 132 millions in 1961 swelling upto 190 millions in 1976 and which will ultimately come to 218 millions in 1981. I have not come across in the report of the ministry any concrete steps the Government propose to take in this regard. The few projects that we have undertaken, I do not think, even touch the fringe of the problem. The crash scheme of rural employment, if continued, could have met this problem to some extent.

Next is about drought and the continuing famine conditions in the country. It is common knowledge that drought and near-famine condition are occurring in large parts of the country and it has sharply brought into focus the need for greater irrigation. It is the very pocket which makes heavy demands on procured food. I would wish that there should be a larger allocation in the matter of irrigation. Annual spending by the States alone goes upto Rs. 300 crores, by way of relief operations. I wish this could have been gainfully employed on irrigation. State of Orissa mirrors the paradox in this regard. There is plenty of natural resources but the State's financial resource are very much limited and the state is not able to make any progress due to this constraint. The State has made several requests to the Centre to come to its aid in regard to irrigation so that the State may not be left to the mercy of the monsoons. In the Working Group itself, the Central Government gave an impression that they would come to the aid of the State Government in a big way in both minor irrigation and ground water projects but something happened afterwards, I do not know; the indications are that their help whatever it is will be very small. I would expect the Central Government for greater financial assistance to Orissa State regarding minor and ground water irrigation

Now I come to the dry farming technique. It would take a long time to provide irrigation facilities to rainfall area. To-day quantum of irrigation is hardly for 30 million hectares when the net sown area is 139 million hectares. It will take a long time to cope with the demand even upto 40 per cent or 50 per cent Dry farming techniques which are being deveoped should be expedited and should be extended to all the rain-fed areas and this should not be kept restricted to a few pockets or districts when a large part of the country is experiencing famine condition

I would like to say a word about the cropping pattern. The cropping pattern that prevails in the country present will not carry us forward. To-day the farmer takes ony to such crop as is needed by him and his famuly which is both uneconomical and unproductive I would expect that there should be such a cropping pattern or such crops should be grown which suits the nature of the soil as also the environment of the area. This will not only benefit the farmer financially but would also increase the agricultural production in the country. Government should see that crops are grown according to a production plan fixed for each area or region.

I would like to draw the attention of the Minister to the present low procurement price. The criticism directed against fixing the higher price of foodgrains particularly rice is misconceived. Most of the criticiisms are mis-informed. It has to realised that unless you give an incentive price to the farmer, neither he will have the temptation nor the capacity to raise the crop. The Agricultural Prices Commission has fixed the rate of paddy at 74. The reasons advanced by the Commission in the report are totally erroneous and unconvincing, because the rate per quintal of paddy cultivation expenses calculated therein is not correct. The

[Shri Banamali Babu.]

rate in fact is much higher to-day. The margin or profit is also very low. What is the point in arguing, as has been done by the Agricultural Prices Commission, that the farmer should have no complaint if he gets a reasonable return? Have we sought to control the profits on industrial goods and other commodities? If that has not been done, why should there be a restriction on the profits of foodgrains? Either there should not be any procurement or if you want to procure paddy, you should give a fairly remunerative price to the cultivator. The cultivation of paddy is more arduous and more expensive and more subject to the hazards of the monsoon as compared to wheat. How is it that the price of paddy is equated with the price of wheat and not fixed much above it?

It is also wrong to suggest that the profit goes only to the big farmers. A small farmer even holding 2 acres of land stands to benefit from the procurement price as he has to sell some of his stocks for other necessities of life He has also to go in for conversion of a portion of paddy to purchase costly inputs. If the Government like they can purchase paddy from the open market and give up the idea of acquiring paddy through the levy from the producers. Whatever it is, I would suggest that Government should give utmost consideration to fixing a higher price for paddy. The money that is spent on relief operations every year and the cost of import of foodstuffs should not be forgotten by government and they should not grudge giving to the farmers a higher price.

श्रीमती सावित्री श्याम (आंवला) : उपाध्यक्ष महोदय, यह देश का एक दुर्भाग्य रहा है कि भारत एक खेतिहर देश है लेकिन अन्न के स्तर पर स्वावलम्बी नहीं हो पाया, किन्तु ऐसा नहीं है कि इसके लिए प्रयास न किया गया हो। इस देश की सरकार ने, इस देश के कृषि वैज्ञानिकों ने और इस देश के किसानों ने काफी मेहनत की, परिश्रम किया और अन्न को उपजाने में बहुत प्रयास किया। यह सही है कि देखिए आपत्तियां आती रहीं और उन के कारण कहीं पर सूखा पड़ा तो कहीं पर फ्लड आया और कहीं पर ड्राउट हुआ और अन्न की कमी होती रही, लेकिन इस के साथ ही यह भी बात है कि हमारे देश की आबादी 2.5 परसेन्ट की रेशो से बढ़ रही है जबकि हमारी खेती, जबकि हमारा अन्न 2.3 प्रतिशत बढ़ रहा है। तो चाहे जितना भी प्रयास किया जाए, आगे आने वाले वर्षों में यदि इसी तेजी से आबादी बढ़ती रही, तो यह कमी कभी पूरी होने वाली नहीं है।

इस के साथ ही यह भी बात है कि अन्न-उपजाओ पर तो काफी जोर रहा लेकिन अन्न बचाओ पर उतना जोर नहीं रहा। हमारा बहुत सा अन्न चूहे खा जाते हैं और बहुत सा हैंडलिंग में खराब हो जाता है। अगर आप को भारत को अन्न के मामले में स्वावलम्बी बनाना है, तो यह निश्चित बात है कि हमारे देश की आबादी घटनी चाहिए और यह जो 1975 का वर्ष है, इस को नो बेबी इयर के रूप में मनाना चाहिए। देश के अन्दर इस वर्ष बच्चे पैदा न हों, इस अभियान को तेजी के साथ, हिम्मत के साथ आगे लाना चाहिए। इस तरह से 1.5 प्रतिशत की आबादी हम कम कर सकेंगे और अन्न में स्वावलम्बी हो सकेंगे।

यहां पर बहुत भाषण मैंने सुने और चाहे वे किसी भी पार्टी से सम्बन्ध रखते हों, यहां पर बड़े जमींदारों की और बड़े खेतिहरों की ज्यादा वकालत की गई। उन के लिए बहुत बातें कही गई लेकिन हम देखते हैं अपनी आंखों से भी देखते हैं और किताबों में भी पढ़ते हैं और वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में और वर्ल्ड फूड आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट में साफ शब्दों में यह दिया गया है कि जितनी भी सुविधायें मिली हैं चाहे वह मार्केटिंग मिकनाईजेशन हो, चाहे कर्ज हो चाहे बीज हो, चाहे फर्टिलाइजर्स

हो और चाहे सर्विस टक्नोलोजी हो, वे सब बड़े किसानों को मिली हैं और छोटे किसान उन से वंचित रहे हैं। एक रेशो उन्होंने दिया है कि अगर एक छोटे किसान को अगर, 21.54 किलो फर्टिलाइजर्स मिला है एक हेक्टेयर के लिए, तो बड़े किसानों को उस से दुगना मिला है। पानी की मिकदार भी बड़े किसान को अधिक मिली है। जहां इस देश के अन्दर एक इंटरेस्ट ऐसा पैदा हो गया है कि केवल एक को लाभ हो और जो लाखों की संख्या में, करोड़ों की संख्या में छोटे किसान हैं, वे सारी फैसेलिटीज से वंचित रहें तो वह देश अन्न के मामले में कभी भी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। आज बड़े किसानों की पहुंच यहां तक है और उन की बड़ी बड़ी लोबीज हैं और वे अपने आप को आर्गेनाइज कर सकते हैं क्योंकि गिनती में वे कम हैं, उन के पास शक्ति भी है और वे प्रोपेगण्डा भी कर सकते हैं, वे यहां पर माग कर रहे हैं कि अन्न की कीमत 105 रुपया जो है वह कम है। मेरा उन से कोई विरोध नहीं है लेकिन मैं देखती हूं कि छोटे किसानों की बात इस सदन में नहीं कही जाती, उन की फैसीलिटीज देने की बात नहीं कही जाती। इस देश में अगर समाजवाद लाना है और अगर आप चाहते हैं कि योजना के अन्तर्गत जो छोटे और बड़े किसान में डिस्पेरिटी पैदा हुई है, एक छोटे इण्डस्ट्रियलिस्ट में जो डिस्पेरिटी है, वह कम हो, तो आप को एक आर्गनाइजेशन तैयार करना चाहिए जोकि छोटे किसानों की और छोटे लोगों की सहायता करे;

मजदूरों की बात कही गई और श्री शंकर दयाल सिंह ने कहा कि मजदूरों की हालत खराब है। निःसंदेह उन की हालत बुरी है लेकिन मैं देखती हूं कि जो महिलाएं हैं क्योंकि खेतों में काम करती हैं, घरों में काम करती हैं और जो बगीचों में काम करती हैं, उन की हालत और भी ज्यादा बुरी है। आज अगर एक पुरुष को डेढ़ रुपया मजदूरी मिलती है तो उसी काम को करने वाली एक स्त्री को एक रुपया मजदूरी मिलती है। क्या यह समाजवाद है? क्या इस का नाम इक्वैलिटी है। आप नारा लगाते हैं कि अनाज की पैदावार बढ़ाओ और यह बढ़ाओ और वह बढ़ाओ यह किस के लिए? किसी को भूखा मारो और किसी को सब कुछ दे दो, इस देश में समाजवाद नहीं आ सकता। इसका सम्बन्ध सिर्फ लेबर से ही नहीं है बल्कि खेती से भी सम्बन्ध है, उसमें भी इसका सम्बन्ध है जहां महिलाएं काम करती हैं। इक्वल पे फार इक्वल वर्क का सिद्धांत लागू होना चाहिए। इस तरह का कानून पास होना चाहिए और आप को देखना चाहिए कि उसको सभी राज्य अपनाएं। महिलाओं को बराबर के काम के लिए बराबर का वेतन मिलना चाहिए।

एग्रिकल्चर को आपने प्रायोरिटी दी है और इसको कोर सैक्टर कहा है मैं कहती हूं कि यह कोर आफ दी कोर है। लेकिन इसको प्रायोरिटी दे देने से या इसको कोर सेक्टर करार दे देने से ही हमारी जो जिम्मेदारी है वह समाप्त नहीं हो जाती है। बजट पास कर देने मात्र से हमारी जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती है। जो खर्चा होता है उसको न हम यहां करते हैं और न लेजिस्लेचर करती है और न ही एग्जीक्टिव करती है, न साइंटिस्ट करते हैं। इसको खर्च करने वाली मशीनरी न आपके हाथ में होनी है और न साइंटिस्ट्स के हाथ में होती है। खेती को ही आप लें। इसके साथ कई विभाग सम्बन्धित हैं। अब जो अलग-अलग विभाग हैं उनके अन्दर आपस में किसी तरह का कोआर्डिनेशन है या नहीं इसको भी तो देखा जाना चाहिये। चाहे बड़े किसानों की बात हो और चाहे छोटे किसानों की बात हो विभिन्न विभाग जो खेती से सबन्धित हैं उन में आपस में कोआर्डिनेशन का होना बहुत आवश्यक है और अगर कोआर्डिनेशन नहीं

[श्रीमती सावित्री श्याम]

होगा तो जो हमारी नीतियां हैं उनका इम्प्लेमेंटेशन ठीक नहीं हो सकेगा। आज होता क्या है? किसान को अगर बीज मिलता है तो पानी नहीं मिलता, पानी मिलता है तो खाद नहीं मिलती, खाद मिलती है तो कर्ज नहीं मिलता है। वर्ल्ड बैंक की कर्ज के बारे में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। उनकी टीम 1972 में एप्वाइंट हुई थी और उस टीम ने 1974 में रिपोर्ट दी। उस रिपोर्ट में उन्होंने यह बताया कि 36,000 लोगों ने उनके सर्वे के मुताबिक जहां कोआपरेटिव इंस्टीट्यूशन से कर्ज लिया, उन में से 29,000 छोटे किसान थे और उनकी आमदनी इतनी नहीं थी कि वे कर्ज वापिस कर सकते। अब अगर वे कर्ज वापिस नहीं कर पायेंगे तो आगे उनको कर्ज नहीं मिल सकेगा और उनका काम नहीं चल पाएगा। बीज फर्टिलाइजर यदि कुछ भी वे खरीद नहीं सकेंगे। इसलिए सच्चे अर्थों में समाजवाद लाना है तो इन छोटे किसानों की तरफ आपको ध्यान देना होगा। जो भी काम हो वह इने-गिने लोगों के लिए नहीं। वह पूरे देश के लिए होना चाहिए और आपको देखना चाहिए कि छोटे किसान जो हैं दो तीन एकड़ या पांच एकड़ वाले किसान हैं उनको पूरी सहूलियतें उपलब्ध हों। आपको उनके लिए एक इंटग्रेटिड प्रोग्राम चलाना चाहिए।

अब मैं अपने क्षेत्र के सम्बन्ध में. .

उपाध्यक्ष महोदय अब आप समाप्त करें। श्रीमती सावित्री श्याम :

MR. DEPUTY-SPEAKER: Sir, I speak in Hindi. You are a generous person. Kindly give me some more time this being the International Women's Year. I am saying something.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You should have made that request to your Chief Whip.

SHRIMATI SAVITRI SHYAM: I am making a request through you.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Anyway you take two more minutes. Women want to have the cake and eat it too?

श्रीमती सावित्री श्याम : आज हमें देखना पड़ेगा कि विभिन्न विभागों में कोआर्डिनेशन है या नहीं है फिर चाहे वह कृषि से सम्बन्धित काम में हों या इंडस्ट्री से सम्बन्धित काम हों।

अब मैं ड्राई फार्मिंग के विषय में कुछ कहना चाहती हूं। देश की आधी जमीन ऐसी है जिस में पानी से सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं हैं। उसको उपजाऊ बनाने के लिए ड्राई फार्मिंग की स्कीम लागू की गई है। यह एक इंटग्रेटिड प्रोब्लेम है। कई सूबों में इसके सेंटर, सब सेंटर बने हैं। डैमंस्ट्रेशन की तरह से वहां पर काम हो रहा है। मैं अपने जिले, अपने क्षेत्र की बात करती हूं। बदायूं जिला बैकवर्ड जिलों की लिस्ट में आता है। उत्तर प्रदेश के बैकवर्ड जिलों में वह भी एक जिला है। वहां भी आप ने डैमंस्ट्रेशन सेंटर कायम किया है। सारी फैसिलिटीज वहां प्रोवाइड की हैं। लेकिन उसके आस-पास के खेत सूख रहे हैं। वहां न पानी का इंतजाम है और न ट्यूबवैल लगे हुए हैं। उनको बिजली भी नसीब नहीं है। मैंने प्रवास किया है और विभाग को लिखा भी है कि डेरी फार्मिंग की स्कीम वहां चल सकती है। काफी जानवर दूध देने वाले वहां हैं। लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है: एक टीम भी गई थी। उसने सर्वे किया भी था। ऐसा कुछ लग भी रहा था कि इस सम्बन्ध में कुछ होने वाला है। लेकिन साल भर हो गया है कोई डेयरी फार्म नहीं खुला है और न ही दूसरी सहूलियतें मुहैया की गई हैं और न ही पूरे जिले को ड्राई फार्मिंग के अन्तर्गत लाया गया है। वह बहुत पिछड़ा हुआ जिला है। किसी रेलवे लाइन से उसका सम्बन्ध नहीं जोड़ा गया है। कोई रेलवे भी वहां

फैसिलिटीज नहीं है। इन्हीं कारणों से रिजन इम्बैलेंसिज पैदा हुई है, इन्हीं कारणों से कुछ पाकेट्स बहुत ही पिछड़ गई हैं। यही कहना पड़ता है कि हमारी ब्यूरोक्रेसी, हमारे आफिसर जिसको चाहते हैं छोड़ देते हैं और जिसको चाहते हैं ले लेते हैं और किन कारणों से वे ऐसा करते हैं इसमें मैं इस वक्त जाना नहीं चाहती हूं

अब मैं जंगलात के बारे में कुछ कहना चाहती हूं। जंगलात हमारी सम्पदा है। कई सूबों में आपने फारेस्ट कारपोरेशन स्थापित किए हैं मैं चाहती हूं कि जो हमारी यूनियन टैरिटरीज हैं चाहे गोआ हो, पांडिचेरी हो, अंडमान निकोबार हो, वहां पर भी इस तरह कारपोरेशन आपको बनाने चाहिये। मैं अंडमान निकोबार की बात करती हूं। वहां की वन सम्पदा का अफसरों के कालेबोरेशन से नाश किया जा रहा है, लूट उसको हो रही है। बास आइलैंडज में से कम से कम दस आइलैंड ऐसे हैं जहां एक-एक आदमी मठाधीश है। उसका आप चाहे किसी भी नाम से पुकारें, कहीं बिशप है, कहीं गुहलक्मा है, कहीं काका है। नाम जो है उसका मैं भूले जा रही हूं। एक आदमी एक एक आइलैंड का मालिक है। बड़ी सुन्दर टीक तथा दूसरी प्रकार की लकड़ी को प्राइवेट शिप्स से, प्राइवेट बोट्स से कलकत्ता आदि के बाजारों में ले जा कर बेचा जाता है और वह सब अन-एकाउंटिड है, इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। फारेस्ट डिपार्टमेंट के साथ उनकी साझेदारी है इस लूट में। मैं पी० ए० सी० के साथ अंडमान गई थी। वहां से वापिस आकर मैंने प्रधान मंत्री को पत्र भी लिखा है जिस को उन्होंने वहां भेजा है। मैं चाहती हूं कि फारेस्ट डिपार्टमेंट की वहां जांच होनी चाहिये। वहां आरा मिल, सा मिल पचास सौ साल पुरानी है और उसका कोई हिसाब किताब नहीं है। सारी वन सम्पदा पानी की तरह लूट रही है। वहां टिम्बर की, फारेस्ट, डिपार्टमेंट की पूरी जांच होनी चाहिये और उसके अन्दर सुधार होना चाहिये।

SHRI D K PANDA (Bhanjanagar) Mr Deputy Speaker, Sir, I could not resist my temptation to speak because yesterday while giving reply the hon Minister Shri Shinde, expressed his happiness over the performance of his Ministry in the matter of production and distribution

Now, I will begin with Orissa Due to drought there is a most serious devastating type of famine which is already looming large and there are reports about selling out of children in Kalanandi district A discussion on this subject has taken place in the Assembly In spite of these facts having been discussed in the Assembly now we find here there is mention —take for example, Orissa—that there is some drought but the situation is not so alarming These expressions have been made by the hon. Minister Therefore, I want to give an answer and I demand certain thing to be done.

Firsty in the brochure itself that has been published by the Orissa Government after the Central team had visited Orissa relating to the drought situation it has been said: "There is imperative need for supply of adequate quantities of rice and wheat from Central pool or else absolutely we cannot save the people."

[Shri D. K. Panda.]

No doubt, wheat has increased from 10,000 tonnes to 28,000 tonnes but as for rice the situtaion will have to be largely managed by increasing the supply of wheat against rice through the public distribution system. Sir, last year 2 14 lakh tonnes of rice were procured whereas this year till March, 1975 only 38,000 tonnes have been procured. Government has also said there is no further chance to procure more. Therefore, from this point of view I want to draw the attention of the hon Minister to this grim reality about famine conditions and the apprehended starvation deaths in Orissa. What I. demand is that immediately from the Central pool rice should be rushed in the desired quantity to Orissa. Without that we cannot save the people there. Sir, even the price of 'Raji' which is the cheapest staple food in this area, has gone up to Rs 2 50 per kilo. This rise in price is unprecedented in the history.

Now, with regard to irrigation, I have to mention one point. In Orissa, all the power projects have been financed by the State Government and the State Government has been spending money on them. From these power projects, all the centrally sponsored big industries like the Rourkela steel plant, are taking power. What is happening in other places? This is well known. Take for example Farakka in Weset Bengal and other power projects in Maharashtra and other places We find that there are so many centrally sponsored projects and for these projects, the Central Government is giving financial assistance Rather, they are exclusively centrally sponsored projects. Whereas, the power projects in Orissa are financed by the State Government. This is a heavy burden on the State Government.

Sir, now Rs. 75 crores have been provided as the Plan outlay for irrigation. This is nothing. For Orissa, I demand that Rs. 150 crores have to be provided, or in the alternative, the super thermal power project at Talcher should be taken up by the Central Government so that in regard to investment on that account and on other power projects like Bhimkund etc. we can save money and we can give our quota. By this, we will be able to spread the quota given by the Centre and the Centre can also help us. Therefore, my specific demand is that immediately Rs. 150 crores shoud be allotted in stead of Rs. 75 crores for these irrigation projects Or else, the twenty lakh acres of lands which are waste lands should be developed These are waste lands as per Government statistics. These are Government waste lands, out of which Government themselves claim that they have distributed only 1,50,000 acres. Therefore, for development for these lands, Government should come forward and allot funds.

My last point is this On a rough calculation, if these twenty lakh acres of waste lands can be developed, if per acre Rs. 500 is the income and in regard to all those places which have already been spotted out, if the Centre can come forward and allot some money, we can at least make Rs. 100 crores and to that extent we can develop Therefore, I demand that the Government should make a break through from their capitalistic production system and they should break the feudal and semi feudal hold and influence over the rural sector Monopoly ownership of lands should be done away with, absentee landlordism should be completely and totally abolished and non-legalised share crapping should also be abolished. Unless this is done, the reactionary forces like the BLD will take advantage of the situation. Therefore, the marketable surplus has to be taken over by the Government through local popular committees. The levy system is there. But, this is not taken over still. I demand that the feudal and

semi feudal hold on the rural sector should be completely broken.

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, देश की आर्थिक रीढ़ बिल्कुल कृषि पर आधारित है । कृषि इस देश में बराबर कभी फ्लड से और कभी ड्राट से नष्ट होती रही है । उत्तर बिहार, उत्तर बंगाल और आसाम आदि इलाके में बराबर यह हालत रही है ।

मैं बिहार के बारे में बताना चाहता हूं । 1971 में गंगा में इतनी भीषण बाढ़ आई, कैलेमिट्स फ्लड आया कि उसने सारे उत्तर बिहार को जल-मग्न कर दिया । उसे फिर उसी जगह लाकर खड़ा कर दिया जहां कि वह 1952 में थी ।

1974 में कुछ महीने पहले अगस्त सितम्बर में जब मंत्री जी कृषि मंत्री नहीं थे, डिफेन्स मिनिस्टर की हैसियत से वहां गये थे तो हम लोगों ने इनके साथ उस सारे इलाके को हवाई जहाज से देखा था कि किस तरह से उत्तर बिहार बिल्कुल एक समुद्र सा मालूम होता था । मेरे क्षेत्र में केवल समस्तीपुर जिले में 120 गांव बूढ़ी गंडक के एमबैंकमेंट्स में ब्रीचेज हो जाने से बह गये । यह बिहार सरकार के लिये बड़े अफसोस की बात है कि उसने फ्लड प्रोटैक्टिव एमबैंकमेंट्स तो बनाये हैं मगर उन्हें बराबर सुरक्षा देने के लिये कभी वह ध्यान नहीं देती तो उस संध्या में वहां कितने लोग उन 120 गांव के बह गये होंगे, वह आप अन्दाजा लगा सकते हैं ।

यह सा । समस्तीपुर शहर 19 अगस्त को बहने वाला था । अगर वहां के कलैक्टर श्री जे० एल० आर्य तथा जूट मिल के महा प्रबन्धक सोनी साहब और कुछ नवयुवक लोग वहां पर नहीं होते तो वह इलाका 3, 4 साल के लिये नक्शे पर से उठ जाता । मैं वहां की गरीबी का असली रहस्य बताता हूं कि वहां बहुत नदियां हैं । इतनी ज्यादा नदियां हैं कि 1974 में बूढ़ी गंडक नदी भी जवान हो गई । जब बूढ़ी औरत संवरती है, अपने आपको डैकोरेट करती है तो सारे इलाके में होता है कि आज कुछ बुरा होने वाला है भविष्य बुरा है । इस तरह से बूढ़ी गंडक जवान बन गई और 120 गांव को बहा ले गई । उसमें कितने ही अच्छे फार्म थे, हाई इल्डिंग वैराइटी के सीड पैदा करने वाले फार्म थे, वह सब बह गये ।

मैं कृषि मंत्री से, जो देश में सर्व मान्य माने जाते हैं, सुयोग्य माने जाते हैं, उनसे यह अपील करूंगा कि आपने 1971 के बाद गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन कायम किया, इतनी उसमें दिलचस्पी ली, अभी गत सप्ताह में श्री केदारनाथ सिंह जो कृषि उपमंत्री सिंचाई विभाग के हैं, वह पटना गये थे, हमें बाद में पता चला कि उन्होंने उसमें गति लाने की कोशिश की है । कृषि उपमंत्री श्री पटेल साहब यहां मौजूद हैं, मैं उनसे अपील करूंगा कि वह बनाये कि इस गरीब इलाके को जिसकी मिट्टी जरखेज है, उपजाऊ है, फरटाइल है, क्या उसे गरीब ही रहने देंगे ? जितने भी फ्लड कंट्रोल मेजर्स हैं अगर उनमें गति नहीं लायेंगे तो जिस तरह से कोसी में दलवा डिजास्टर हो गया, 100 करोड़ का वह प्रोजेक्ट था वह नेपाल में ब्रीचेज हो गया, उसी तरह की हालत बूढ़ी गंडक में भी हुई है । वहां के वाटर बेड के इंजीनियर्स, जिन्हें मोटी तनख्वाह देते हैं, वह रात में सोये हुए थे और वहां के 120 गांव जलमग्न हो गये । अगर वहां पर कैथोलिक चर्च मिशन नहीं होता तो वहां 120 गांव का तो पता ही न पाता । कैथोलिक चर्च मिशन और मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी ने वहां बड़ी सहायता

[श्री यमुना प्रसाद मंडल]

की। मगर क्या भविष्य में इस तरह से यह सवाल हल होने वाला है ? इसके डी-सिलटेशन का क्या इंतजाम होगा ? गंगा बेसी में जो बड़े बड़े 24, 24 मील के चौर हैं जिनमें बहुत जल-वर्षण होता है, रेत-फाल होता है, मैं आपको वहां के फीगर्स बताना चाहता हूं। वहां 1970 से 640 वार्षिक मिलीमीटर औसत वर्षा हुई और 1974 में 1800 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई। आप देखिये कि हिमालय की साउथ वैस्ट की मानसून की वजह से कितनी अधिक वर्षा वहां पर हुई है। वहां मानसून कभी कभी तेज आती है। हिमालय के माउन्टेन्स भी सैडीमैंटरी राक्स से बने हैं जिसके कारण हर साल सिल्टीटेशन होता है। मैं बराबर 12, 13 साल से इस अगस्ट हाउस में, इस बड़ी सभा में, कहता आया हूं कि ड्रैजर्स का कुछ इन्तजाम किया जाये। आपको आश्चर्य होगा यह सुनकर कि इतना महान देश है, जिसके पास सब साधन हैं लेकिन केवल दो ड्रैजर्स बनाये गये हैं। दो ड्रैजर्स माल ब्रह्मपुत्र के लिये थे और 1973 में आसाम को दिये गये। सुनते हैं कि 1974 की बाढ़ से पूर्व उनकी पूरी जांच की गई थी। मैं समझता हूं कि 1975-76 में ये ड्रैजर्स कुछ भी काम नहीं कर पायेंगे, क्योंकि वे बहुत धीमी गति से चलते हैं। टार्टायज भी धीमी गति से चलता है लेकिन वह स्टेडीली तो चलता है। अगर इसी गति से काम होता रहा, तो ब्रह्मपुत्र के फ्लड का कंट्रोल नहीं हो सकेगा।

14.00 hrs.

यद्यपि कोसी में बाढ़ रोकने के सम्बन्ध में काफी काम किया गया है, लेकिन इस बात की आवश्यकता है कि गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन को थोड़ा मजबूत बनाया जाये, वरना गंगा घाटी की यह सुन्दर भूमि, जहां बहुत पुरानी सभ्यता थी, नष्ट हो जायेगी और वह सारा इलाका गरीबी में पड़ा रहेगा। मैं खासकर गंडक बेसिन और कोसी बेसिन के बारे में कहना चाहता हूं कि सरकार उन इलाकों की तरफ भी ध्यान दे, वरना भविष्य में वहां और भी तबाही होगी।

1971 में गंगा की भीषण बाढ़ ने कुछ कार्य करने के लिये फारवार्न कर दिया था। इसलिये सरकार ने 1972 में गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन श्रीकृष्णपुरी में पटना में स्थापित किया। श्री केदारनाथ सिंह बतायें कि यह कमीशन क्या काम कर रहा है ? उन्हें हम लोगों को समय समय पर बुलाना चाहिये और बताना चाहिये कि उस गंगा कमीशन के द्वारा क्या काम हो रहा है ? अगर उस समय युवक लोग आगे नहीं आते तो फ्लड रिलीफ का काम कभी नहीं हो सकता था। मैं पुनः इस हाउस में कैथोलिक चर्च मिशन को बहुत धन्यवाद देता हूं, जिसने काफी काम किया, गरीबों की हर तरह से सहायता की और करीब 120 गांवों को फिर पुनरुज्जीवित किया।

उपाध्यक्ष महोदय : आपका टाइम 10 मिनट है।

श्री यमुना प्रसाद मंडल : उपाध्यक्ष महोदय, स्पीकर साहब ने कहा था कि लिस्ट में जितने नाम हैं, उनसे भी कम लोग सदन में उपस्थित हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I still have 35 members from your party.

SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL: Please count how many are here.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Saini, Shri Raju, Shri Shivnath Singh and so many others are here.

SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL: The loss in Assam, Bihar, Kerala and Bengal due to floods in

1974 was Rs. 569 crores. The area affected in Bihar is a fertile area. All these areas have been washed away. There are only 155 medium irrigation schemes.

सरकार की ओर से कहा गया है कि पांचवीं प्लान में 6.2 मिलियन हैक्टर अतिरिक्त भूमि की सिंचाई की जायेगी । लेकिन इस रिपोर्ट में गंगा फ्लड कन्ट्रोल कमीशन के बारे मे कहा गया है कि अगर फंडस मिलेंगे, तो कुछ काम किया जा सकेगा, वरना नहीं । अगर सरकार देश को आगे बढ़ाना चाहती है, तो इरिगेशन के काम को काफी मजबूत करना होगा । अगर फ्लड कन्ट्रोल की उचित व्यवस्था नही हुई, तो कुछ भी नहीं हो सकेगा ।

जहां तक लैंड सीलिंग एक्ट का प्रश्न है, मैं कहना चाहता हू कि इसको लैंड सीलिंग "बिल" क्यो नही कहा जाता है ? इसको "एक्ट" क्यो कहते हैं ? जब हम इस पर एक्ट नहीं करते हैं तो इसको लैंड सीलिंग बिल कहना ही उचित है ।

पहले मैं गावो मे यह कहने मे लजाता था कि मेरे पास कितनी जमीन है । लेकिन जब मैंने नये ढंग से खेती करनी शुरू कर दी, तो मुझे यह कहने मे जरा भी झिझक नही होती है कि मेरे पास करीब 10 एकड़ जमीन है । यह वैज्ञानिको के काम के कारण ही सभव हो पाया है । उन्होंने काफी काम किया है लेकिन उसका देश मे प्रचार नहीं हो सका है । पेज 70 पर बताया गया है कि "भागीरथ" पत्रिका के द्वारा सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के बारे मे उपयोगी जानकारी दी जाती है ।

गत वर्ष सारे बिहार मे ट्यूबवैल्स और सड़कों का जाल बिछने वाला था । रूरल इंजीनियरिंग आर्गेनाइजेशन के द्वारा काफी सड़कें बन चुकी हैं । परन्तु हमारे ससदीय इलाके में समस्तीपुर (संसदीय) जिले के पटोरी अंचल मे आर० ई० ओ० द्वारा मात्र 1.6 किलोमीटर सडक बनाई जाने वाली थी । 1.6 किलोमीटर एक मील के बराबर होता है । उसके बनाने के लिये काफी मिट्टी का काम किया गया । मैंने पच्चीसों बार बिहार के आर० ई० ओ० के मिनिस्टर को लिखा । कई बार मैं चीफ इंजीनियर से भी मिला, लेकिन इस बारे मे कुछ नही हुआ । 1.6 किलो मीटर की सडक की आज भी वही हालत है । वह सडक बाया नदी के बिनगामा गांव तक जानी है । मैं यह एक छोटा सा उदाहरण दे रहा हू कि सरकार के अधिकारी किस तरह से काम करते हैं । इसलिये यह आवश्यक है कि आर० ई० ओ० को मजबूत किया जाये और उसका काम काफी जोरो से चलाया जाये । उससे गाव के लोगो का मारेल ऊचा होना है । इससे 5 लाख गांव के लोगो को पता चलेगा कि भारत सरकार उनके लिये कुछ कर रही है ।

श्री शिवनाथ सिंह (झुझुनू) उपाध्यक्ष महोदय, कृषि और सिंचाई दोनों ही इतने महत्वपूर्ण विषय हैं कि उन के सब एसपेक्ट्स पर विचार प्रकट नही किये जा सकते हैं । लेकिन फिर भी मैं सक्षेप मे दो तीन बातें निवेदन करना चाहूगा ।

गेहू की वसूली कीमत 105 रुपये प्रति-क्विंटल रखी गई है । सरकार ने यह कीमत किस की सलाह पर तय की है, यह बात इस सदन के किसी भी सदस्य की समझ मे नहीं आ रही है, सदन के बाहर समूचे देश मे किसी की समझ मे नही आ रही है और न ही किसी राज्य सरकार की समझ में आ रही है । यह ठीक है कि किसान के पास कोई आल्टरनेट नही है । वह अपने आप को सगठित नहीं कर पाया है । अपनी जिन्दगी बसर करने के लिए उसको अपने

[श्री शिवनाथ सिंह]

खेत में गेहूं पैदा करना पड़ेगा। हो सकता है कि सरकार उस से गेहूं वसूल कर ले। लेकिन इस हिसाब से वह किसान को जिन्दा नहीं रख सकती है, बल्कि वह तो उस को मारने जा रही है। आज के समाज पर यह सब से बड़ा कलंक है कि वह किसानों को अपने अधिकारों की लड़ाई के लिये संगठित नहीं कर पाया है।

मैं चैलेंज करता हूं कि कोई भी इकानोमिस्ट कोई भी एक्सपर्ट या सरकार का कोई भी अधिकारी 105 रुपये प्रति-क्विंटल के हिसाब से खेत में गेहूं पैदा करके दिखाये, और यदि कोई ऐसा कर सके, तो मैं उसके सामने नतमस्तक होने के लिए तैयार हूं। आज सरकार ब्यूरोक्रेट्स के कहने पर चलती है।

कहा जाता है कि यदि किसान को 105 रुपये से अधिक का मूल्य देंगे, तो इनफ्लेशन होगा। इन्होंने इनफ्लेशन की डेफिनीशन बदल दी है। इनफ्लेशन तब आता है, जब अनप्रोडक्टिव तरीके से रुपये को डिस्ट्रीब्यूट किया जाये। किसान के पास जितना भी धन जायेगा, उस से या तो वह अपने बच्चों को पालेगा, अपना पेट पालेगा, या वह उस को उसी जमीन में, जिस का वह अपनी माता कहता है, इनवेस्ट कर देगा, और सरकार को अधिक धन देगा।

इस सदन को यह जानकारी है कि 1951-52 में हमारी कुल कृषि की पैदावार 52 करोड़ टन के आस पास थी, और 1971-72 में जो हमारा सब से अच्छा साल था, वह 108 करोड़ टन थी। इस में हमारे साइंटिस्ट्स का बड़ा योगदान है, लेकिन इस में किसान का भी योगदान है; इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि सरकार की तरफ से सहूलियतें मिलीं। लेकिन फिर आज कितनी कीमतें बढ़ी हैं, उन के मुकाबले में क्या किसान 105 रुपये प्रति-क्विंटल पर गेहूं बेच कर अपने परिवार को जिन्दा रख सकता है? यह बात बिल्कुल नामुमकिन है। कल राज्य मंत्री कह रहे थे कि हम ने राज्य सरकारों को यह आदेश दिया है कि छोटे किसानों से वसूली न की जाए मैं स्वागत करता हूं उनकी बात का। यदि वहीं वह यह कह देते कि कम से कम पांच एकड़ से नीचे वाले किसानों से वसूली नहीं करेंगे तो हम उसका स्वागत करते। लेकिन छोटे किसान की परिभाषा क्या है? आज देश के अंदर एक दो प्रान्तों को छोड़कर सीलिंग कानून सब जगह लागू हो गया है और सीलिंग से अधिक जिस के पास जमीन है उसको हम बड़ा किसान कह सकते हैं। लेकिन जो सीलिंग से नीचे हैं उन में 50-60 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जिन के पास सीलिंग से आधी जमीन भी नहीं है। मंत्री महोदय कह दें कि जिन के पास सीलिंग की मैक्सिमम जमीन से आधी जमीन है उन से हम वसूल नहीं करेंगे तो उस का हम स्वागत करेंगे। यह बात बिलकुल सही होगी। लेकिन यह आप ने छोड़ दिया राज्य सरकारों पर आधा एकड़ वाला भी, पाव एकड़ वाला भी छोटा हो जाएगा और किसी को छोड़ना होगा तो पांच एकड़ वाला भी छोटा हो जाएगा। इसलिए किसान की इस समस्या को सदन में और सदन से बाहर भी राज्य सरकारों को तथा केन्द्रीय सरकार को देखना होगा।

अब बोनस की जो स्कीम आप लागू करने जा रहे हैं उसको जल्दी क्लियर करिए। राज्य सरकारें हों या केन्द्रीय सरकार हो जो भी इस को दे, यह बोनस इतना मिलना चाहिए कि किसान को कम से कम सवा सौ रुपए क्विंटल के हिसाब से गेहूं का दाम मिल जाए। इस से कम मिलेगा तो आप यकीन मानिये, अगले साल गेहूं की पैदावार कम होगी। इस साल भी भले ही आप के अधिकारी और आप के एक्सपर्ट्स यह कह सकते हैं कि गेहूं का एरिया बढ़ा है लेकिन मैं अपने राज्य की जानकारी के आधार पर कह सकता हूं कि कम से कम 5-7 प्रतिशत गेहूं का खेत घटा है, बढ़ा नहीं है। हमारे साथ लगते हुए पंजाब के

इलाके हैं। वहां किसानों ने जौ बोया है, चना बोया है। चने की कीमत सवा दो सौ रुपए उन को मिलता है जिस में कि कुछ नहीं करना पड़ता है और गेहूं जिस में आठ दस पानी की सिंचाई करनी पड़ती है उस की कीमत आप 105 रुपए दे रहे हैं। तो कौन इतना बेवकूफ होगा जो गेहूं पैदा करेगा, चना और जौ पैदा नहीं करेगा ? आप ने कैश क्राप पर टैक्स लगाया है, लेकिन उस के बाद भी कैश क्राप पैदा करने में किसान को फायदा है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि यदि यही स्थिति रही तो अगले साल गेहूं का क्षेत्र और घटने वाला है, बढ़ने वाला नहीं है। इस बात को आप निश्चित मानिए।

ऐग्रीकल्चर प्राइस कमिशन है, उसमें एक आदमी बैठे हुए है, पता नहीं, वह अच्छे हो सकते हैं, योग्य हो सकते है लेकिन इतना मैं जरूर कह सकता हूं कि देश की वास्तविकता का, किसान की वास्तविकता की उन्हें कतई जानकारी नहीं है। यदि वास्तविकता की जानकारी होती तो 105 रुपए की कीमत रेकमेंड न करते। किसान को आज आप इतना तो दीजिए जितना एक बैंक के चपरासी को मिलता है। उतना तो कम से कम किसान को [illegible]। उतना भी देने को आप तैयार नहीं है जब कि किसान किन हालात में काम करता है ? रात के अन्दर सर्दी में, ठण्ड में, अन्धकार में, उसे काम करना होता है सांप और बिच्छू से उसको लड़ाई करनी पड़ती है। उस के बाद जब वह फसल बाजार में लाता है तो आप उसे 105 रुपए में खरीदना चाहते हैं। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार इस पर ध्यान दे, 105 रुपए की कीमत बहुत कम है, इस को वह बढ़ाए।

दूसरी बात मैं निवेदन करना चाहूंगा। किसान को हम देश की रीढ़ मानते हैं। लेकिन आज तक उस के लिए जो ध्यान देना चाहिए वह नहीं दिया गया है। लोन्स की बात हम करते हैं तो केन्द्रीय सरकार कहती है कि हम ने लोन किसानों को दिया है। लेकिन इंडस्ट्री में कोई भी यूनिट ऐसा नहीं जिस को लोन नहीं मिला हो। 100 परसेंट यूनिट्स इंडस्ट्री की जो हैं उन को केन्द्रीय सरकार और बैंक लोन देते हैं लेकिन दो परसेंट भी किसानों के पास लोन नहीं पहुंच पाया है। आज उनकी 70 प्रतिशत आबादी है। आप आंकडे गिनाएंगे कि इतने करोड़ रुपया हम ने बांट दिया। लेकिन परसेंटेज देखते हैं तो दो या तीन परसेंट से अधिक किसान को आप का लोन नहीं मिल सका है चाहे कोआपरेटिव्ज से हो, चाहे बैंक से हो चाहे गवर्नमेंट से हो। इस ओर भी आप को ध्यान देना चाहिए।

माननीय सदस्यों ने पहले भी कहा था, और आज भी कहा है कि काटन के मामले में हमारा देश आत्म निर्भर नहीं था। लेकिन जैसे ही किसान को यह पता लगा कि अच्छे किस्म की रुई उगाने से अच्छा दाम मिल सकता है तो इस साल उन्होंने बाजार को फलड कर दिया लेकिन सरकार की नीति देखिए, चाहे कारपोरेशन की नीति हो चाहे फाइनेंस मिनिस्ट्री की नीति हो, आज वह काटन परचेज करने की स्थिति में नहीं है। किसान जिस ने इतनी मेहनत से रुई पैदा की वह मारा जा रहा है। अगर हम लोग स्टेपल काटन को एक्सपोर्ट करें तो बहुत बड़ी फारेन एक्सचेंज कमा सकते हैं।

कल माननीय सदस्य जी कह रहे थे कि हम ने 700 करोड़ का अनाज मंगाया है, 500 करोड़ का खाद मंगाया है। वह हमारे देश का दुर्भाग्य है। खाद का हमारे यहां पोटेंशियल है। हम ने हर प्लान में इस के लिए टार्गेट फिक्स किया है। सेकेंड प्लान के अंदर हम ने 2.90 लाख टन का टार्गेट रखा था। थर्ड प्लान में 8.12 लाख टन का रखा था। इसी तरह से 25 लाख टन का टारगेट फोर्थ प्लान में रखा था। लेकिन उस के बाद भी हम देखते हैं कि इन्स्टाल्ड कैपेसिटी जितनी रखी है वह भी उस से कम है और ऐक्चुअल

[श्री शिवनाथ सिंह]

कैपेसिटी तो उस के आधे के बराबर की नहीं है। जितनी हमारी इन्स्टाल्ड कैपेसिटी है उसका करीब 54–55 प सेंट उत्पादन हम खाद का कर पाते हैं। यह स्थिति हमारी है जब कि हमारी खाद की इतनी आवश्यकता है और 500 करोड़ रुपया हम ने खर्च कर दिया विदेशों से खाद मगाने के लिए। अभी प्राइस फिक्स करते वक्त यह भी कहा गया कि इस साल किसान ने खाद कम इस्तेमाल की है, इसलिए उस के अनाज की कीमत कम देनी चाहिए। यह कह कर हमारे साइंटिस्ट्स और ऐग्रीकल्चर के एक्सपर्ट्स संतोष कर रहे हैं कि किसान ने खाद कम इस्तेमाल की है, यह संतोष की बात नहीं है, यह दुर्भाग्य की बात है। किसान को खाद अधिक से अधिक मिलनी चाहिए।

दूसरी बात शुगर के बारे में निवेदन करना चाहूगा। सदन मे शुगर के बारे मे बार बार माग होती आई है कि शुगर इडस्ट्री को नेशनलाइज कीजिए। हम देखते हैं कि किसान शुगर केन ले कर जाता है तो उस का भाव तय करते हैं फैक्ट्री वाले, कब लें, कब न लें, यह फैक्ट्री वाले तय करते है, लेकिन किसान के ऊपर पाबन्दी है कि उस का फैक्ट्री वालो को ही बेचना पड़ेगा। किसान अपनी इच्छा से उस को कही बेच नही सकता है। उसके बाद उस का दुर्भाग्य है कि बारह महीने, दो साल, तीन साल तक उस का पैसा नही मिलता। इन सभी हालात को देखते हुए इस सदन मे बार बार यह माग की गई है कि शुगर इडस्ट्री को आप नेशनलाइज कीजिए। सरकार इस के ऊपर ध्यान दें। जब तक शुगर इडस्ट्री को नेशनलाइज नही किया जाएगा तब तक शुगर केन ग्रोअर्स को आप रेम्यूनरेटिव प्राइस नही दे सकते और कन्जूमर को ठीक दाम पर चीनी नही दे सकते। इसलिए आप इस इडस्ट्री को नेशनलाइज कीजिए।

हमारे यहां इंटर स्टेट वाटर डिस्प्यूट्स हैं। मैं संख्या गिनाऊं तो कोई भी स्टेट ऐसा नहीं बचता है जिस का कि नदियों के पानी का झगड़ा न हो। हमारी केन्द्रीय सरकार इतनी मजबूत है और हमारी राज्य सरकारें भी यह कहती हैं कि हम देश के विकास में सहयोग देना चाहते हैं। लेकिन फिर विवाद किस बात पर है? पानी एक राष्ट्रीय सम्पति है। जहां जिस को पानी की आवश्यकता है उस को पानी मिलना चाहिए और जहा जिसके पास पानी है वह उसको दूसरो को दे। लेकिन हमारी राज्य सरकारें इस संकीर्णता से ऊपर नही उठ पाई है। इसलिए मे निवेदन करूगा कि आप कान्स्टीट्यूशन मे अमेंडमेंट लाइए और पानी को राष्ट्रीय सम्पति घोषित कीजिए। केन्द्रीय सरकार के हाथ मे यह हो। उसके लिए वह चाहे बोर्ड बनाए, कारपोरेशन बनाए, कुछ भी बनाए लेकिन यह केन्द्रीय सरकार के हाथ मे होना चाहिए। जब तक यह चीज केन्द्रीय सरकार के हाथ मे नही होगी, कान्स्टीट्यूशन मे अमेंडमेंट नही होगा तब तक पानी का सदुपयोग नही हो पाएगा। जितना पानी अवेलेबल है आज उसका 15–20 प्रतिशत पानी भी हम यूटिलाइज नही कर पा रहे हैं। जब हमारे पास पानी है, और जमीन है तो हम को इस के ऊपर ध्यान देना चाहिए कि पानी का अधिक से अधिक उपयोग हो। इसके लिए संविधान मे संशोधन करना चाहिए जिसमे केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों की मर्जी पर इस को न छोड़ते हुए पानी का सदुपयोग करा सके।

दो शब्द पंचायत राज और कोआपरेटिव्ज के लिए निवेदन करना चाहूंगा। हमारे राजस्थान के अंदर नेहरू जी ने पंचायत राज की मशाल जगाई थी। उस वक्त देश के अन्दर ग्रामीण जनता के अंदर आशा जगी थी कि पंचायत राज आएगा, पंचायत राज के मार्फत हम को भी अपने भाग्य का निर्णय करने का अधिकार मिलेगा और हम को डिसेंट्रलाइजेशन आफ पावर मिलेगा, हम अपना विकास

करेंगे, और देश के विकास में हम सहयोग दे पायेंगे। लेकिन आज पंचायत राज की स्थिति क्या है? हमारी कोई भी सरकार, केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार हो, इस के लिए सिंसियर नहीं है। मैं अपने प्रान्त के लिए कह सकता हूं। पिछले दस साल से हमारे यहां पंचायतों का चुनाव नहीं हो पाया है और तीन साल की मियाद और बढ़ा दी है। तो तेरह साल के बाद हम अब चुनाव कराने की बात सोच रहे है, कर पाएंगें या नहीं, यह दूसरी बात है।

इसी तरह सहकारिता की बात है। पंडित जी के टाइम में सहकारिता का स्लोगन लगा। गांव के आदमी की और किसान की जिन्दगी सहकारिता और पंचायती राज के साथ जुड़ी हुई है। लेकिन उस सहकारिता को हम ने भुला दिया। हम चाहते हैं कि गांवों के अन्दर कोआपरेटिव सोसाइटिया बनें। किसान के काम आने वाली सब चीजें कोआपरेटिव सोसाइटियों के मार्फत उनको मिलें और किसान का उत्पादन कोआपरेटिव सोसाइटिज के मार्फत बिके। अच्छा मार्केटिंग सिस्टम जब तक नहीं हो तब तक किसान उन्नति नहीं कर पायेंगें। इस देश में जब तक पंचायत राज और कोआपरेटिव सोसाईटीज को मजबूत नहीं कर पायेंगें तब तक गांव के किसानों के भाग्य का निबटारा अच्छी तरह से नहीं कर पाएगें।

हमारे इस मन्त्रालय के मिनिस्टरों ने बहुत अच्छा काम किया है, हमारे साइन्टिस्टों ने भी बहुत अच्छा काम किया है, उन के प्रयत्नों से हमारी पैदावार बढ़ी है—इस के लिए मैं उन की विशेष रूप से सराहना करता हूं लेकिन अभी भी बहुत सी कमियां हैं जिन की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए और उन में इम्प्रूवमेंट भी आनी चाहिए।

श्री मुल्की राज सैनी (देहरादून) उपाध्यक्ष जी, मैं कृषि और सिंचाई विभागों की मांगों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह बहुत बड़ा विभाग है, इस में सिंचाई का हाल में जोड़ा गया है, जो कि बहुत जरूरी थी। इस में पशुपालन, जंगलात, मछली पालन, एसी सभी चीजें शामिल हो गई हैं जिन से इन्सान की खुराक का सम्बन्ध है। यह सत्य है कि यह महकमा आज बहुत अच्छे, योग्य और सूझबूझवाले व्यक्ति के हाथ में है, जो इस देश के महानेता हैं। उन से आशा की जाती है कि इस विभाग को जिस का ताल्लुक सीधा पेट से है, खुराक से है और मानव की जिन्दगी में रोटी का सवाल सब से पहले आता है, इस विभाग में शहर और देहात के सभी बाशिन्दे, चाहे कन्जूमर हों या प्रोड्यूमर हों, सीधे जुड़ हुए हैं, इस लिए इस विभाग को सरकार में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कल शिण्डे साहब ने बतलाया कि इस को प्राथमिकता दी गई है, लेकिन अभी तो ऐसा महसूस नहीं होता है। आप सिंचाई विभाग की ही लें—उन्होंने बतलाया कि इस समय 27 प्रतिशत भाग में सिंचाई होती है। 1947 से ले कर आज तक पिछले 28 सालों में, जब कि पांच पांच वर्षीय योजनायें बन चुकी है, केवल 27 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का पानी मिलता है। इसलिए यदि प्राथमिकता देनी है तो सब से पहले पानी को प्राथमिकता देनी चाहिए..

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore): In Orissa, it is only 15 per cent

श्री मुल्की राज सैनी यह ठीक है कि ऐसे भी अनेकों प्रान्त हैं जहां केवल 7 8 परसेंट को ही यह सुविधा मिलती है, लेकिन यदि हम सारे भारत का एवरेज लें तो यह 27 प्रतिशत है। 27 सालों में केवल 27 प्रतिशत को पानी देकर हम यह कहें कि हम ने बहुत तरक्की कर ली है—यह शोभा नहीं देता है।

इसलिए मैं चाहता हूं कि आप कोई टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम बनायें कि कितने साल तक हम देश की सारी भूमि को सिंचित कर

[श्री मुल्की राज सैनी]

हैं। हम आसमान के पानी पर निर्भर नहीं रहेंगे और जमीन के ऊपर पड़ने वाले पानी को और जमीन के नीचे के पानी को किसी न किसी तरीके से अपनी भूमि तक पहुंचायेंगे। यह प्रोसेस आज तय हो जानी चाहिये और वाटरशेड प्रोग्राम के साथ तय हो जानी चाहिये।

भूमि सुधार कानूनों का लागू होना उत्पादन बढ़ाने के लिये बहुत जरूरी है। सभी माननीय सदस्यों ने यहां पर कहा है कि आज 28 सालों के बाद भी ये कानून नहीं बने और जहां बने हैं, वहां लागू नहीं हुए, हैं, कहीं शेयर-क्रापर्स की समस्या है और कहीं कब्जे का सवाल है। इन सारी चीजों के लिए चाहे उस में राज्य का मामला हो या आप का मामला हो, एक योजना के अधीन कानून बन जाने चाहिये। भूमि पर जब तक किसान का विश्वास नहीं होगा कि वह मेरी भूमि है, तब तक वह कुछ नहीं कर सकेगा। कागजों की भूमि से पैदावार नहीं होती है, जमीन की भूमि में पैदावार होती है। देश के लिये कृषि कितना महत्वपूर्ण है—80 प्रतिशत जनता इस पर निर्भर करती है, 50 प्रतिशत राष्ट्रीय आय आप की कृषि से मिलती है। इस पर बड़ी गम्भीरता से विचार होना चाहिये।

खाद के मामले में हम अभी तक आत्म-निर्भर नहीं हो पाये हैं। मैं अभी प्रदर्शनी देख कर आया हूं—मैंने उन से इसी प्रश्न को पूछा, उन्होंने बतलाया कि 1980 तक प्रयत्न करने में पूरा होगा, लेकिन तब तक डिमाड दुगनी हो जायेगी, इस का मतलब है कि हम कभी भी रसायनिक खाद के मामले में आत्म निर्भर नहीं होंगे। मैं अपने वैज्ञानिकों को बधाई देना चाहता हूं—उन्होंने रिसर्च कर के हमें अच्छे बीज दिये, खाद दी और देश के अन्दर हरित क्रांति की स्थिति पैदा की। लेकिन यदि हम बाहर पर निर्भर रहें तो यह हरित-क्रांति फिर दोहरायी नहीं जा सकेगी। जैसे 1971 के बाद दो-तीन सालों में लगातार सूखा पड़ा, किसी साल में चार प्रांतों में, किसी साल में आठ प्रांतों में अकाल पड़ा। हम इतना कह कर कि फलां जगह अकाल पड़ा है, अपनी जिम्मेदारी से निकल नहीं सकते। इस सवाल का जवाब सरकार को देना चाहिए।

इसी तरह से मिट्टी की जांच बहुत जरूरी है। हम में से बहुत से लोग जानते ही नहीं कि खेत पर मिट्टी की जांच भी होती है, फिर बेचारे किसान को तो इस का क्या पता है। हमारे यहां इतनी बड़ी मशीनरी है, सामुदायिक विकास विभाग का हम क्या उपयोग कर रहे हैं मैं एम०पी० हूं—आज तक अपने गांव में ए० डी० ओ० पंचायत ए० डी० ओ० खादवाले को नहीं देखा। पता नहीं वे कहां रहते हैं दफ्तर में रहते हैं या कारों में चलते हैं या क्या करते हैं। उस मशीनरी का उपयोग इस काम के लिये किया जा सकता है उन को अच्छी तनख्वाहें दी जाती हैं उन के पास पूरा स्टाफ है, कार है समय है, सब कुछ है, लेकिन उन के पास प्रोग्राम नहीं है। प्रोग्राम कौन देगा? राज्य सरकार देगी या केन्द्र सरकार देगी। मैं इसे केन्द्र की जिम्मेदारी समझता हूं केन्द्र ने आज तक उन को प्रोग्राम क्यों नहीं दिया कि वे खेतों में जायं, रेगुलरली जायं, किसानों से मिलें, उन के पास बैठकर बातचीत करें। जो चीजें हैं उन के बारे में उन को बतायें। आज रिसर्च को खेतों तक पहुंचाने की जरूरत है। आज होता क्या है—ज्यादा से ज्यादा बी० डी० ओ० कोई मीटिंग बुला लेता है और कुछ कह कर अपना फर्ज पूरा कर देता है। आज किसानों को सभी बातों की जानकारी कराने की जरूरत है।

इसमें संदेह नहीं है कि देश की उपज बढ़ी है—आप ने अपने आंकड़ों में बतलाया है कि 51 करोड़ टन से बढ़ कर 108 करोड़ टन हो गई है। कॉटन की उपज बढ़ी है, व्हीट का उत्पादन बढ़ी है, दूसरी चीजों की उपज भी बढ़ी है, लेकिन उससे फायदा क्या हुआ। किसान को तो उस

से कोई फायदा नहीं हुआ। व्यापारियों को हो गया होगा,कोल्ड स्टोरेजवालों को फायदा हो गया होगा, इम्पोर्ट–एक्सपोर्ट वालो को फायदा हो गया होगा। किस न ..ो तो ज्यादा पैदा करने की सजा मिली है। सरकार कहती है कि पैसा नही है—कारपोरेशन के पास। व्यापारी कहता है .. हम खरीदते नहीं हैं, तो किसान बेचारा कहा जाय। मार्किटिंग का काम किसका है? उपज बढ़ाना किसान का काम है तो उस का बिकवाना किस का काम है? हम लोग यहा बैठे हैं—अगर हमारी मयत्नी इकम आधी कर दी जाय या जो सरकारी कर्मचारी हैं, अफसरान हैं उनकी तनख्वाह आधी कर दी जाये, तब हमे कितने बड़े आदोलन का सामना करना पड़ेगा। चारो तरफ आदोलन हो जायगा हम उस को सहन नही करेगे। लेकिन किसान की आमदनी एक–तिहाई कर दी गई या आधी कर दी गई, उस का कोई आवाज नही है--इस पर गम्भीरता से सोचना चाहिये।

